भारत मे अनेक तरह की भाषाएँ और लिपियां हजारो वर्षों पहले भी प्रचलित थी, जिनका उल्लेख प्राचीन जैनआगमो, बौद्ध-पिटको और वैदिक साहित्य मे मिलता है। पर उन भाषाओ और लिपियो का निर्मित व लिखित साहित्य आज प्राप्त नही है। जिन प्राचीन लिपियो और भाषाओ के नाम उन ग्रथो मे मिलते है, उनका स्वरूप क्या था, परस्पर मे क्या अतर था, इसको जानने के साधन भी अब प्राप्त नही हैं। शिलालेख, जो किसी भी भाषा और लिपि के स्वरूप को जानने के सबसे प्रामाणिक साधन है, वे भी अधिक प्राचीन नही मिलते। यह तो एक बहुत ही सौभाग्य की बात समझनी चाहिए कि अन्वेषण एव इतिहास-प्रेमी पाश्चात्य विद्वानो ने घोर परिश्रम करके अनेको स्थानो की खुदाई करके भारतीय प्राचीन सस्कृति को प्रकट करने वाले महत्वपूर्ण साधन ढूंढ निकाले और प्राचीन शिलालेखो की लिपियों को पढ डाला। यद्यपि इस कार्य मे भारतीय विद्वानो की भी महत्वपूर्ण देन है, पर इस कार्य को प्रारम्भ करने मे पाश्चात्य विद्वान् ही अग्रणी हैं।

प्राचीन ग्रन्थो मे उनमे पहले के जिन ग्रथो का उल्लेख मिलता है वे प्राचीनतम ग्रन्थ अधिकाश लुप्त हो गए है। अतः हमारे ज्ञान-विज्ञान की प्राचीन परम्परा कितनी प्राचीन और किस रूप मे थी, यह ठीक से बतलाना सभव नही रहा। फिर भी उन उल्लेखो से दो बाते स्पष्ट हैं कि हमारी परम्परा बहुत प्राचीन थी और हम अपना बहुत सा प्राचीन साहित्य खो चुके हैं। एक-एक विषय के कितने-कितने ग्रंथ रचे गए थे, यह तो उन ग्रंथकारो के नामादि से, जो प्राप्त ग्रथो मे मिलते हैं, स्पष्ट है और उनमे हमारी प्राचीन साहित्य-समृद्धि का कुछ आभास मिल जाता है।

प्राचीन भारतीय साहित्य, सस्कृत, पाली, प्राकृत और तमिल आदि भाषाओं मे मिलता है। उनमे से दक्षिण भारत की भाषाओ मे तो इतना परिवर्तन नही हुआ जितना कि उत्तर भारत की भाषाओ मे। यह तथ्य उपलब्ध साहित्य से स्पष्ट है। राजनैतिक उथल-पुथल भी उत्तर भारत मे ही ज्यादा हुई है। उतर भारत की प्राचीन उपरोक्त तीनों भाषाओ मे से प्राकृत और सस्कृत मे तो दो तीन हजार वर्षों से बराबर ग्रन्थ लिखे जाते रहे हैं पर जनभाषा के रूप मे ये दोनो भाषाएँ साहित्यिको से प्रतिष्ठित नही रही। प्राकृत का स्थान अपभ्र श ने ले लिया और अपभ्र श से उत्तर भारत की प्राय. सभी प्रान्तीय भाषाएँ विकसित हुईं। एक-एक भाषा की कई बोलियां हैं। इस तरह उत्तर भारत मे छोटी-बडी अनेको भाषाएँ और बोलियाँ प्रचलित है और प्रत्यक भाषा का अपना-अपना साहित्य है। दक्षिण भारत मे प्रधानतया ४ भाषाएँ हैं जब कि उतर भारत की १४ प्रान्तीय भाषाएँ तो राष्ट्रीय सरकार द्वारा ही स्वीकृत हैं। वैसे और भी कई भाषाएँ ऐसी हैं जो अपने स्वतन्त्र अस्तित्व एव महत्त्व के कारण स्वीकृत होनी चाहिएँ। इनमे से सिन्धी को तो स्वीकार कर लिया गया है पर राजस्थानी अभी तक उपेक्षित ही है।

अपभ्र श से निकली हुई उत्तर भारत की प्रातीय भाषाओ मे राजस्थानी बहुत प्राचीन और सपन्न भाषा है। इस भाषा का क्षेत्र राजस्थान तक ही सीमित नही रहा है पर मध्य-

काल में राजस्थान के अतिरिक्त मालवा, गुजरात, सौराष्ट्र जितने व्यापक प्रदेश में जिस एक सी ही भाषा का प्रचार था उसे विद्वानों ने 'प्राचीन राजस्थानी', 'प्राचीन गुजराती' एवं 'मरु-गुर्जर' के नाम से संबोधित किया है। राजस्थान में इस भाषा का प्राचीन नाम 'मरु-भाषा' था क्योंकि राजस्थान विभिन्न राज्यों में बँटा हुआ था और उनमें सब में बड़ा प्रदेश 'मरु' या मारवाड के नाम से प्रसिद्ध था। अपभ्रंश की सबसे अधिक विरासत राजस्थानी भाषा को मिली है। हजारों देशी शब्दों एवं साहित्य प्रकारों की परम्परा में यह स्पष्ट है। गत ८०० वर्षों से तो इस भाषा में निरन्तर साहित्य-सृजन होता रहा है। जैन विद्वानों की कृपा से राजस्थानी का प्राचीन साहित्य भी बहुत अधिक सुरक्षित रह गया। हिंदी साहित्य के इतिहास ग्रंथों में 'आदि काल' की हिन्दी रचनाएँ इनी-गिनी ही मिलती हैं और उनमें भी बहुत सी तो राजस्थानी की ही हैं जब कि इसी आदिकाल की राजस्थानी रचनाएँ सैकड़ों की संख्या में प्राप्त हैं। डा० हरिशंकर 'हरीश' ने 'आदिकालीन हिन्दी जैन साहित्य' शोध प्रबन्ध लिखा है उससे यह भलि भाँति स्पष्ट है।

मौलिक साहित्य के समान ही अनुवाद या टीका-टिप्पणी की भी बहुत उपयोगिता है। अन्य भाषाओं में जो महत्त्व के और उपयोगी ग्रंथ होते हैं उनका अनुवाद अपनी भाषा में किए बिना जनसाधारण उससे लाभ नहीं उठा पाता और कठिन ग्रन्थों की टीका टिप्पणी नहीं लिखी जाने पर उनका भाव समझने में कठिनता होती है। इसलिए अनुवाद और टीकाओं का भी विशेष महत्त्व है। इसी बात को ध्यान में रख कर भाषान्तर करने और टीका लिखने की परम्परा बहुत प्राचीन समय से चली आ रही है। प्राकृत, संस्कृत और अपभ्रंश आदि भाषाएँ जब जन-भाषायें न रह कर साहित्यिक ही रह गईं, तब उन भाषाओं के ग्रन्थों को समझना कठिन हो गया। पर, उन भाषाओं में बहुत ही उपयोगी और महत्त्व के ग्रन्थ लिखे गए थे, अतः उनका भाषान्तर किया जाना आवश्यक हो गया। कुछ महापुरुषों की वाणी के रूप में भी उन ग्रंथों के प्रति जनता की बड़ी श्रद्धा रही है। इसलिए उनका समझना तो अत्यावश्यक था ही, वैसे परवर्ती साहित्य के व आदि स्रोत और प्रेरक ग्रंथ रहे हैं। राजस्थानी भाषा में प्राकृत-संस्कृत ग्रन्थों के अनुवाद बहुत अधिक संख्या में हुए और प्राकृत-संस्कृत के अतिरिक्त हिन्दी और राजस्थानी ग्रंथों पर भी राजस्थानी भाषा में टीकाएँ खूब लिखी गई हैं। प्रस्तुत लेख में उन सबकी जानकारी देना तो संभव नहीं है, पर यहाँ थोड़ी सी झाँकी अवश्य कराई जायेगी जिससे राजस्थानी में अनुदित साहित्य भी कितना विशाल और समृद्ध है— इसका कुछ परिचय पाठकों को मिल सके।

राजस्थानी अनुवादों की विविध शैलियाँ हैं और उनके कई नाम हैं। जैन ग्रंथों या जैन विद्वानों के किए हुए राजस्थानी अनुवाद और टीकाओं को प्रधानतया 'टब्बा', 'बालावबोध' और 'वार्तिक' के नाम से ही संबोधित किया गया है। 'टब्बा' संक्षिप्त शब्दानुवाद का द्योतक है। हस्तलिखित प्रतियों में मूल पाठ बड़े अक्षरों में प्रति के बीच में उपयुक्त जगह छोड़ कर ही लिखा जाता है और उस पाठ के ऊपर उसका शब्दार्थ राजस्थानी में लिख दिया जाता था। ऐसी सैकड़ों प्रतियाँ मिलती हैं। इसे टब्बा शैली कहते हैं। कुछ प्रतियाँ जिसे 'त्रिपाठ' कहते हैं, उनमें मूल पाठ की कई पंक्तियाँ पत्र के बीच में बड़े अक्षर में लिखी जाती और ऊपर

और नीचे उससे छोटे अक्षरो मे उस पाठ का विवेचन लिख दिया जाता था। इसी तरह पच-पाठ वाली प्रतियो मे पूरे पत्र के बीच मे मूल पाठ और चारो ओर हासियो मे उसकी टीका या शब्दार्थ लिख दिया जाता है। यह तो हुई 'टब्बे' लिखने की शैली की बात।

'बालावबोध' टब्बे से कुछ विस्तृत विवेचन का नाम है। बालक भी सरलता से समझ सकें इस तरह की टीका को 'बालावबोध' कहा गया है। बालावबोध लिखने की उपरोक्त शैलियो के अतिरिक्त यह भी शैली रही है कि मूल-ग्रन्थ की एक गाथा या गाथा का थोडा-सा पद लिख कर उसके बाद (उसका शब्दार्थ ही नही पर) आवश्यक विस्तृत विवेचन लिख दिया जाता है। उसमे मूल पाठ अलग से बडे अक्षरो मे लिख कर मूल और विवेचन दोनो एक ही से अक्षरो मे सीधे रूप मे लिख दिया जाता है। उसे 'सूड' भी कहते हैं। कुछ बालावबोध मे मूल ग्रन्थ मे जिन प्रसगो या कथाओ की सक्षिप्त सूचना रहती है—उन प्रसगो का अन्य ग्रन्थो के आधार से विशेष स्पष्टीकरण किया जाता है और कथाएँ देदी जाती हैं। इसलिए कई बालावबोध मूल ग्रथ से दस-बीस गुने भी हो जाते हैं। 'वार्तिक' राजस्थानी भाषा मे अधिक नही मिलते; जो थोडे से मिलते हैं उन्हे अन्य लेखको ने 'टब्बे' और 'बालावबोध' की सज्ञा भी देदी है। क्योकि ये दो गद्य टीका के प्रकार ही अधिक प्रसिद्ध थे। जैनेतर लेखको के रचे हुए अनुवाद इतने अधिक नही मिलते। 'टब्बा' सज्ञा का उनमे प्रचार ही नही रहा, पर 'बालावबोध' का प्रचार उनकी रचनाओ मे भी पाया जाता है। वैसे तो अनुवाद गद्य और पद्य दोनो प्रकार के मिलते हैं पर पद्यानुवाद मे कवियो ने अधिक स्वतन्त्रता से काम लिया है। इसलिए वे एक तरह से मौलिक ग्रन्थ के रूप मे ही प्रसिद्ध हो गए। प्रस्तुत लेख मे पद्यानुवादो की चर्चा नही कर के केवल गद्यानुवादो पर ही सक्षिप्त प्रकाश डाला जायगा।

अनुवाद अनेक प्रकार के पाये जाते हैं जिनमे शब्दानुवाद, छायानुवाद प्रधान रूप से उल्लेखनीय हैं। विस्तृत विवेचन तो टीकाओ की सज्ञा पालेते हैं। पर कई अनुवादो मे ऐसा भी किया मिलता है अत उन्हे भी अनुवाद मे ही ले लिया है। मूल ग्रथकार ने अपने ही ग्रथ पर टीका या विवेचन लिखा हो तो उसे 'स्वोपज्ञ वृत्ति या टीका' कहते हैं। जैन ग्रथकारो की ऐसी भी कई राजस्थानी टीकाएँ प्राप्त हैं। उनमे से कुछ तो प्राकृत सस्कृत और कुछ राजस्थानी भाषा के काव्यो की टीकाएँ है। टीकाओ की शैली भी अनेक प्रकार की मिलती है। कुछ मे सक्षेप मे भावो को प्रकट करने वाली है, तो किन्ही का झुकाव शब्दार्थ की ओर अधिक है और कइयो को विस्तृत विवेचन करना अभीष्ट था।

राजस्थानी भाषा मे अनुवाद की परम्परा १४वी शताब्दी मे प्रारम्भ हो जाती है। उस समय की जो ३–४ गद्य रचनाएँ[1] प्राप्त हैं व भावानुवाद के रूप मे हैं। 'प्राचीन गुर्जर गद्य सदर्भ' मे वे प्रकाशित हो चुकी हैं। 'टब्बा' और 'बालावबोध' १५वी शताब्दी से मिलने लगते हैं। 'टब्बे' की सबसे प्राचीन उपलब्ध प्रति स० १५१३ की लिखी हुई हमारे सग्रह मे है और 'बालावबोध' सबसे पहला खरतरगच्छाचार्य तरुणप्रभ सूरि रचित स० १४११ का है जो 'षडावश्यक बालावबोध' के नाम से प्रसिद्ध है। जैन धर्म मे साधु और श्रावकों के लिए ६ नित्य कर्म या दिनकृत्य माने गए हैं—१ सामायिक, २ चतुर्विंशतिजिनस्तव, ३ गुरु-

१ नवकार व्याख्यान सं० १३५८ गद्य सार्ध नमस्कार, सं० १३५६, अतिचार, सं० १३६६

वन्दन, ४ प्रतिक्रमण, ५ कायोत्सर्ग और ६ प्रत्याख्यान। इन छः आवश्यकों सबधी सूत्र एव विधि का निरूपण करने वाला उपर्युक्त 'षडावश्यक' ग्रथ है। आचार्य तरुणप्रभ सूरि ने इसके 'बालावबोध' विवेचन मे प्रासगिक कथाओ को भी जोड दिया है। इसलिए तत्कालीन गद्य का यह एक सुन्दर उदाहरण है। उसके बाद तो सैकडो बालावबोध और टब्बे लिखे गए जिनका परिमाण लाखो श्लोको का है। सबसे बडा 'बालावबोध' जैनागम 'भगवती सूत्र' का है जिसका परिमाण करीब एक लाख श्लोकों तक का है। वैसे ५–१० या २० हजार श्लोको तक के और भी बहुत से बालावबोध प्राप्त हैं। कई कई ग्रथो के तो २–४ या ५–१० तक टब्बे या बालावबोध भिन्न भिन्न लेखको के बनाए हुए प्राप्त होते हैं। बहुत से टब्बे और बालावबोधों के रचयिताओ के नाम नही मिलते, अतः एक ही ग्रथ के जो कई टब्बे और बालावबोध मिलते हैं उनको परस्पर मे मिलाए बिना ठीक निर्णय नही हो पाता कि वे भिन्न-भिन्न लेखकों के रचे हुए हैं या एक ही की कई प्रतिलिपियाँ हैं। जैनेतर लेखको के बनाए हुए २–३ बालावबोध १५वी शताब्दी के भी मिलते हैं पर अधिकतर १७वी शताब्दी और उसके बाद के ही हैं।

राजस्थानी मे भाषान्तर या अनुवाद विविध विषयो के ग्रथों के प्राप्त हैं। जीवनोपयोगी सभी विषयो के अच्छे ग्रथो के अनुवाद हैं। इससे जनसाधारण का बडा उपकार हुआ है। उनके बिना उन ग्रथो को समझने की इच्छा रहने पर भी समझ सकना उनके लिए सभव नही था। प्राकृत, सस्कृत भाषाओ को जानने वाले तो थोडे से विद्वान ही होते हैं अतः अधिकाश जनता अपनी भाषा म रचे हुए ग्रन्थों को ही पढ कर लाभ उठा सकती है।

जैन विद्वानो ने इस दिशा मे बहुत बडा कार्य किया है। प्राकृत भाषा के प्राचीन जैन आगमो मे से प्रायः सभी के टब्बे शब्दानुवाद और बालावबोध विवेचन उन्होंने राजस्थानी में लिख डाले। सस्कृत के भी बहुत से उपयोगी ग्रथो के टब्बे या बालावबोध उनके लिखे हुए मिलते हैं। जैनेतर ग्रन्थो के भी टब्बे और बालावबोध उन्होने काफी सख्या में बनाए और जैनेतर अनुवादो की बहुत सी प्रतिलिपियाँ कर के अपने ज्ञान-भडारों में रक्खी है। केवल हमारे अभय-जैन-ग्रन्थालय में ही जैन विद्वानो के बनाये हुए करीब २५० ग्रथो के टब्बे एव बालावबोध मिलते हैं। उनमें स बहुतो की तो दस-बीस प्रतियाँ हमारे सग्रह में हैं। इस तरह प्रतियो की सख्या तो १००० स भी अधिक हो जायगी। एक एक ग्रथ के ४–५ भिन्न भिन्न टब्बे और बालावबोध भी हमारे सग्रह मे है। नीचे उनकी सूची दी जा रही है जिससे राजस्थानी का *अनुवादित व टीका-साहित्य कितना है और उसमें जैन विद्वानो की कितनी बडी देन है,* इसका पाठको को परिचय स्वयं मिल जायगा। नीचे दी जाने वाली सूची मे सभव है कुछ टब्बे और बालावबोधो की भाषा राजस्थानी-गुजराती मिश्रित और कुछ की गुजराती भी हो सकती है। वास्तव मे उन सबको देखे बिना इनकी भाषा का सही निर्णय नही किया जा सकता पर अधिकाश तो राजस्थानी भाषा के ही हैं। १६वी शताब्दी के प्रारभ तक राजस्थान और गुजरात की भाषा एक ही थी और पीछे की भाषा मे भी अधिक अतर नहीं है क्योकि जैन विद्वान दोनों प्रान्तों मे धर्म-प्रचार के लिए समान रूप से विचरते रहे हैं। अतः राजस्थानी मे गुजराती का प्रचार व सम्मिश्रण पाया जाना स्वाभाविक है। जिन व्यक्तियो के लाभ के

लिए टब्बे या बालावबोधो की रचना की गई। वे व्यक्ति भी दोनो प्रान्तो के थे इसलिए उक्त दोनो प्रान्तो वाले समान रूप से समझ सके, वैसी ही भाषा मे उनका रचा जाना अभीष्ट एवं आवश्यक था। अब हमारे सग्रह मे जिन जिन ग्रंथो के टब्बे और बालावबोध मिलते हैं उनकी सूची हमारे यहाँ से जिस विषय-क्रम से बनी हुई है उसी क्रम से नीचे दी जा रही है—सब से पहले अग, उपाग, छेद, मूल, सूत्रो एवं पयन्नो की सूची आयेगी। उसके बाद प्रकरण, चरित्र, फिर व्याकरण, काव्य, नीति, गणित, ज्योतिष, वैद्यक, कामशास्त्र, शकुन, सामुद्रिक, स्वरोदय, पुराण, स्तोत्र आदि विषयो के ग्रथो के नाम आयेगे। जैन लेखको की रचनाओ के कुछ जैनेतर अनुवादो का भी विवरण दिया जायगा। ढूढाडी भाषा मे बालावबोध और वचनिका दिगबर विद्वानों की अधिक मिलती हैं। उनकी प्रतियाँ जयपुर आदि के दिगबर भडारो मे प्राप्त हैं।

अभय जैन-ग्रन्थालय मे राजस्थानी अनुवाद व टीका-ग्रथ—

१ आचाराग वार्तिक—पार्श्वचंद्र सूरि
२ ,, टब्बा
३ ,, बालावबोध
४ सूयगडाग टब्बा
५ ,, वार्तिक
६ स्थानाग टब्बा
७ समवायाग ,, मेघराज
८ ,, बालावबोध
९ भगवती टब्बा उत्तमविजय
१० ,, बालावबोध
,, (गागेय भागा) बाला पद्मविजय
११ ज्ञाता धर्म कथा टब्बा
१२ उपासक दशा ,, हर्ष वल्लभ
१३ अन्तगड दशाग ,,
१४ अनुत्तरोपातिक ,,
१५ प्रश्न व्याकरण ,,
१६ विपाक ,,
१७ ऊववाई ,,
१८ रायपसेणी टब्बा मेघराज
१९ जीवाभिगम ,,
२० ,, ,, जीवविजय
२१ पन्नवणा ,, विनयविमल
२२ निर्यावलिका ,,
२३ बृहत्कल्प ,,
२४ व्यवहार सूत्र ,,
२५ दशा श्रुत स्कंध ,,
२६ दशवैकालिक ,, रायचदसूरि
२७ ,, वार्तिक
२८ उत्तराध्ययन टब्बा आजिचद्र
२९ ,, बा०
३० नन्दीसूत्र टब्बा
३१ ,, बाला०
३२ अनुयोगद्वार ,,
३३ कल्पसूत्र टब्बा बा० हेमविमल
३४ ,, ,, मेरुविजय
३५ ,, ,, कनकसोम
३६ ,, ,, शिवनिधान
३७ ,, ,, क्वकसूरि शि०
३८ ,, ,, ज्ञाननिधान
३९ ,, ,, समयराज
४० ,, ,, पदमलाभ
४१ षडावश्यक बा० तरुणप्रभ
४२ ,, ,, समयसुन्दर
४३ ,, ,, हेमहस
४४ ,, ,, जिनविजय
४५ ,, ,, सोमतिलक
४६ प्रतिक्रमण बालावबोध

४७ श्रावक प्रतिक्रमण टब्बा
४८ ,, ,, बाला०
४९ यति प्रतिक्रमण ,,
५० ,, ,, टब्बा
५१ चौसरण पयन्ना ,, सर्वेगदेव
५२ ,, बाला०
५३ सस्तारक टब्बा
५४ ,, बाला०
५५ तन्दुलवयालिय ,, पार्श्वचंद्रसूरि
५६ सशक्तनियुक्ति टब्बा
प्रकरण—
५७ जीव विचार टब्बा
५८ ,, ,, बाला०
५९ नव तत्व टब्बा
६० ,, ,, बाला० उत्तमसागर
६१ ,, ,, ,, हर्षवर्धन
६२ ,, ,, ,, पद्मचंद्र शिष्य
६३ दंडक टब्बा
६४ ,, बाला० देवचंद्र
६५ दडकादि टब्बा हितधीर
६६ सग्रहणी ,,
६७ ,, बाला० दयासिंह
६८ क्षेत्र समास टब्बा
६९ ,, ,, बाला०
७० जम्बूदीप सग्रहणी टब्बा
७१ कर्मग्रंथ बालावबोध जीवविजय
७२ ,, ,, मतिचद्र
७३ ,, ,, जयसाम
७४ उपदेशमाला टब्बा
७५ ,, बाला०
७६ शीलोपदेशमाला टब्बा
७७ ,, बाला० मेरुमुन्दर
७८ पुष्पमाला टब्बा
७९ ,, बाला० मेरुमुन्दर
८० भाष्यत्रय टब्बा
८१ ,, बाला०
८२ सिंदूरप्रकर टब्बा
८३ ,, बाला०
८४ गौतमपृच्छा ,, सोमदेव शि०
८५ ,, ,, शिवसुदर
८६ गौतमकुलक टब्बा
८७ ,, बाला०
८८ पिंड विशुद्धि ,, सोमसुदर शिष्य
८९ ऋषिमडल टब्बा
९० विवेक विलास ,,
९१ ,, ,, बाला०
९२ षष्टिशतक टब्बा
९३ ,, बाला०
९४ सबोधसत्तरी टब्बा
९५ ,, बाला०
९६ सबोध कुलक टब्बा
९७ गणधर सार्ध शतक टब्बा
९८ इंद्रिय पराजय टब्बा
९९ वैराग्य शतक ,,
१०० उपदेश रत्नकोश टब्बा
१०१ ,, ,, बाला०
१०२ सम्यक्त्व स्तव ,, चारित्रसिंह
१०३ ,, कुलकट टब्बा
१०४ ,, ,, बाला०
१०५ ,, पच्चीसी ,,
१०६ दानादिकुलक बाला०
१०७ शीलकुलक टब्बा
१०८ स'हयम्मि कुलक ,, समयप्रमोद
१०९ आदिनाथ देशनाशतक टब्बा
११० प्रश्नोत्तर सार्धशतक ,,
१११ ,, ,, बाला०
११२ पुण्य कुलक टब्बा
११३ ,, बाला०
११४ दर्शन शुद्धि कुलक टब्बा
११५ सिद्धि दण्डिका टब्बा
११६ प्रवचनसारोद्धार बाला०
११७ तत्वार्थ सूत्र टब्बा

११८ लोकनालि टब्बा
११९ ,, बाला० नयविलास
१२० ,, वार्तिक
१२१ सघस्वरूप कुलक टब्बा
१२२ अतिचार टब्बा
१२३ प्रश्नोत्तर रत्नमाला टब्बा जिनराजसूरि
१२४ ,, , बाला०
१२५ आचारोपदेश टब्बा
१२६ विचाररत्न ,,
१२७ ,, बा० देवचद्र
१२८ श्राद्धविधि प्रकरण टब्बा
१२९ दर्शन सत्तरी ,,
१३० विशेष शतक भाषा आणदवल्लभ
१३१ प्रज्ञाप्रकाश टब्बा
१३२ सज्जन चितवल्लभ टब्बा
१३३ द्रव्यसग्रह टब्बा
१३४ ,, बाला० हसराज
१३५ पच्चीस क्रिया टब्बा
१३६ समाधितत्र बाला०
१३७ प्रवचनसार ,, हेमराज
१३८ साधुनियम कुलक टब्बा
१३९ पर्यतारावना ,,
१४० ,, बाला०
१४१ इक्कीसठाणा प्रकरण टब्बा
१४२ यति आराधना भाषा

चरित—

१४३ शातिनाथ चरित्र टब्बा
१४४ जबू चरित्र टब्बा
१४५ ,, पयन्ना टब्बा
१४६ ,, चरित्र भाषा
१४७ सौभाग्य पचमी कथा टब्बा
१४८ मौन एकादशी टब्बा धीरविजय
१४९ ,, बाला०
१५० अष्ट प्रकारी कथा टब्बा
१५१ त्रिषष्ठि शलाका चरित्र टब्बा रामविजय
१५२ दान कल्पद्रुम टब्बा
१५३ शत्रुजय माहात्म्य टब्बा
१५४ श्रीपाल चरित्र ,,
१५५ ,, ,, भाषा देवमुनि
१५६ सम्यक्त्व कौमुदी टब्बा
१५७ मुनिपति चरित्र बाला०
१५८ सीता चरित्र भाषा
१५९ हरिवश पुराण बाला०
१६० भुवनभानु चरित्र भाषा
१६१ नवकार बाला०
१६२ अष्टान्हिका व्याख्यान टब्बा
१६३ दीवाली कल्प टब्बा
१६४ दीवाली कल्प भाषा
१६५ कालक कथा टब्बा
१६६ ,, बा० कल्याण तिलक

व्याकरण-राजनीति—

१६७ सारस्वत व्याकरण टब्बा
१६८ ,, पचसधि टब्बा
१६९ ,, ,, बाला०
१७० रसिकप्रिया ,, कुशलधीर
१७१ शतकत्रय बाला० लक्ष्मीवल्लभ
१७२ , ,, रूपचद
१७३ ,, ,, अभयकुशल
१७४ वृद्धचाणक्य नीति टब्बा
१७५ लघु चाणक्य नीति ,,

गणित ज्योतिष—

१७६ गणित पचवीसी बाला०
१७७ नारचद ज्योतिष टब्बा
१७८ ,, बाला०
१७९ भुवनदीपक टब्बा
१८० ,, ,, बाला०
१८१ चमत्कार चिंतामणि टब्बा
१८२ ज्योतिष रत्नमाला बाला०

१८३ मुहूर्त मुक्तावलि टब्बा
१८४ लघुजातक वार्तिक मतिसागर
१८५ लघुजातक बाला०
१८६ विवाह वृन्दावन बाला०
१८७ विवाह पटल ,, अमर
१८८ ,, ,, टब्बा
१८९ शीघ्रबोध ,,
१९० ,, ,, बाला०
१९१ षटपंचासिका टब्बा
१९२ ,, ,, बाला०
१९३ प्रश्नाशकुन विधि टब्बा
१९४ बालविवेकिनी टब्बा
१९५ बारह भाव ,,
१९६ भड्डली बाला०

वैद्यक—

१९७ माधवनिदान टब्बा
१९८ योगशतक ,,
१९९ सन्निपातकलिका टब्बा
२०० नाडी परीक्षा ,,
२०१ योग चिंतामणि टब्बा
२०२ ,, ,, बाला०
२०३ कालज्ञान टब्बा
२०४ कोकसार भाषा
२०५ शकुन रत्नावली भाषा
२०६ सामुद्रिक ,,
२०७ स्वरोदय सार्थ
२०८ विष्णुसहस्रनाम भाषा
२०९ पद्मपुराण बाला०
२१० गरुडपुराण भाषा
२११ सप्तश्लोकी गीता सार्थ
२१२ मुक्तावलि टब्बा

व्रत कथाएँ—

२१३ कृष्णरुकमणी वेलि टब्बा
२१४ ,, ,, बाला०
२१५ भक्तामर स्तोत्र टब्बा हरसचन्द्र
२१६ ,, बा० सुभवर्धन
२१७ ,, ,, मेरुसुन्दर
२१८ कल्याणमंदिर टब्बा जिनरंग सूरि
२१९ ,, बाला०
२२० कल्याणमंदिर टब्बा जिनचद्र सूरि
२२१ भक्तामर टब्बा गुणविनय
२२२ जयतिहुअण टब्बा
२२३ ,, बाला०
२२४ महावीर स्तोत्र टब्बा
२२५ जिनपचक चरित्र स्तव टब्बा
२२६ महावीर चरित्र स्तव टब्बा विमलरत्न
२२७ भावारि वारण स्तोत्र टब्बा
२२८ ,, ,, बाला०

जैनेतर—

२२९ पचाख्यान वार्तिक
२३० वैताल पच्चीसी भाषा
२३१ सिंघासण बत्तीसी ,,
२३२ सूवा बहुतरी ,,
२३३ पाडव चरित्र वार्ता
२३४ रागरागणी ग्रंथ बाला०
२३५ रत्नपरीक्षा बाला०
२३६ नखशिख (केशव) बाला०
२३७ भागवत दशम स्कंध भाषा
२३८ महाभारत भाषा
२३९ गूढार्थ टब्बा
२४० मेघमाला बाला०

राजस्थानी जैन गद्यानुवादों का विवरण 'जैन गुर्जर कवियो, भाग ३' के अन्त में लिखा गया है। 'प्राचीन गुजराती गद्य सदर्भ' में उपदेशमाला और योग-शास्त्र बालावबोध की कुछ कथाएँ भी प्रकाशित हुई हैं। उपदेशमाला का एक बालावबोध लन्दन में प्रकाशित हो चुका है। षष्टिशतक के तीन बालावबोध डा० भोगीलाल साडेसरा द्वारा सपादित बड़ोदा से

प्रकाशित हुए हैं। वैसे 'भीमसी माणक' आदि जैन ग्रंथ-प्रकाशको ने कई ग्रथो के बालावबोध प्रकाशित किए हैं पर उन्होने उसमें प्राचीन भाषा को समझ मे कठिन जान कर उसे आधुनिक गुजराती का रूप दे दिया है।

राजस्थानी ग्रथो के ५–७ ग्रन्थालय बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। हमारे सग्रहालय में हजारो राजस्थानी रचनाएँ हैं ही। इसी तरह अनूप सस्कृत लाइब्रेरी, बीकानेर, में भी राजस्थानी ग्रथो का बहुत ही महत्वपूर्ण सग्रह है। उनकी एक सूची जो प्रकाशित हो चुकी है उसके अतिरिक्त वहाँ के हिन्दी ग्रन्थो की सूची जो अभी अप्रकाशित है, (यद्यपि छपी हुई बहुत वर्षो से प्रेस में ही पड़ी है) उसमें भी कुछ राजस्थानी रचनाएँ हैं और सस्कृत ग्रंथो के जो ४ सूची ग्रथ प्रकाशित हुए हैं उनमे भी कुछ राजस्थानी भाषा टीकाग्रो वाले ग्रथ सम्मिलित हैं। यहाँ उक्त लाइब्रेरी के राजस्थानी अनुवाद व टीका ग्रन्थो की सूची दी जा रही है—

१ गीतगोविन्द टीका
२ मेघदूत टीका
३ कृष्ण रुकमणी री बेलि ढूढाडी टीका
४ शाति पर्व कथा री याददाश्त
५ मार्कण्डेय पुराण ,,
६ रामचरित्र (अध्यात्म रामायण-भाषान्तर)
७ नासिकेतोपाख्यान
८ गरुड पुराण टीका
९ भागवत-दशम स्कध
१० विविध व्रत कथाएँ
११ चाणक्य नीति टब्बा
१२ एकादशी माहात्म्य
१३ एकादशी री कथावा
१४ कर्म-विपाक
१५ कृष्ण ध्यान टीका
१६ विष्णु सहस्रनाम टीका
१७ नायिका भेद टीका
१८ कोक-शास्त्र भाषा
१९ योगचिन्तामणि टब्बा
२० पालकाप्य-गज शास्त्र टब्बा
२१ अश्वचिकित्सा टीका
२२ डक-भड्डली सटीक
२३ ज्योतिष रत्नमाला बाला० (महाराजा रायसिंह)
२४ सामुद्रिक टीका
२५ सग्रह-रत्न टीका
२६ गोरक्षशत टीका
२७ हठप्रदीपिका ,,
२८ गीता ,,
२९ विवाह-पद्धति अर्थ (अमर)
३० रतिरहस्य टीका
३१ रत्न-परीक्षा ,,
३२ रत्न-समुच्चय ,,
३३ अनुभव-सार ,,
३४ आसवाधिकार टीका
३५ औषधिकल्प टीका
३६ चिकित्सा सार-रत्न भूषण टीका
३७ नाना चिकित्सा सग्रह
३८ बाल चिकित्सा टीका
३९ योगशत ,,
४० वैद्यक ग्रथ ,,
४१ सार सग्रह
४२ अर्ध काड
४३ अहिवलय चक्र
४४ काक शकुन
४५ खड खाद्य (कोष्ठक)
४६ गढचक्र विधि (कोटचक्रफलम्)
४७ ज्योतिष सार, नारचद्र
४८ पचाग निर्माण विधि ग्रहण कलादि

४९ बालबोध, मुजदित्य
५० भावचक्रकरण विधि
५१ भुवन दीपक, पद्मप्रभ सूरि
५२ रसदीक्षानरचक्रकोट चक्रादि
५३ लग्न स्पष्टीकरण (लग्नानयन)
५४ लघु जातक, वराह मिहिर
५५ वर्ष विचार
५६ वृष्टि लक्षण (ग्रहिचक्र, मेघचक्र)
५७ ,,
५८ शकुन
५९ शकुनावलि
६० शल्यविचार
६१ षट्पचासिका
६२ शब्दनस्कार

हिन्दी विभाग में—

६३ नीति शास्त्र, टीका. रसिकराम
(अनूपसिंह चरित)

राजस्थानी ग्रथो का एक महत्वपूर्ण सग्रह राजस्थान प्राच्य-विद्या-प्रतिष्ठान, जोधपुर मे है और उसकी सूची दो भागो मे प्रकाशित हो चुकी है। वैसे सरस्वती भंडार, उदयपुर, एशियाटिक सोसायटी, कलकत्ता, इडिया ऑफिस लाइब्रेरी, लदन, बगाल हिन्दी मडल, कलकत्ता, और राजस्थानी रिसर्च सोसायटी, कलकत्ता, लीमडी जैन ज्ञान भडार आदि ग्रन्थालयो के राजस्थानी ग्रन्थो की सूचा प्रकाशित हो चुकी है। लख-विस्तार-भय से उनमे जो राजस्थानी अनुवाद व टीका ग्रथ हैं उनकी सूचियाँ नही दी जा रही हैं।

राजस्थानी मे अनुवादो की परम्परा अभी भी बहुत अच्छे रूप में चालू है। पचासों ग्रन्थो के गद्य-पद्यानुवाद इधर ३०-४० वर्षो मे हुए हैं। उनका विवरण मैने 'लोक सम्पर्क' मे प्रकाशित अपने लेख मे करीब ३ वर्ष पहले प्रकाशित किया था। एक-एक ग्रथ के अनेको गद्य-पद्यानुवाद हुए हैं। उनके सबध मे भी मेरे कुछ लेख प्रकाशित हुए हैं जैसे—गीता के राजस्थानी गद्य-पद्यानुवाद १५ के करीब हो चुके हैं। उनके सबध म 'अजन्ता' मे एक लेख प्रकाशित किया गया था और उसके बाद कुछ और भी अनुवादों का पता चला है। भर्तृहरि शतक और पचतन्त्र क राजस्थाना अनुवादो के सबध मे 'मरुवाणी' मे हाल ही मे मेरे लेख प्रकाशित हुए हैं।

बीकानेर के महाराज अनूपसिहजी बहुत बड़े साहित्य-प्रेमी थे। उनकी आज्ञा मे सस्कृत और हिन्दी के अनेको ग्रथ रचे गए हैं। जब वे राजकुमार ही थे तभी से उनको राजस्थानी साहित्य मे बडा प्रेम था। अनेक चारणादि कवि उनके आश्रय मे रहते थे और महात्मा एवं ब्राह्मण ग्रथों की प्रतिलिपि करने के लिए नियुक्त थे। उस समय उन्होंने वैताल पच्चीसी, सिंहासन बत्तीसी और सुवा-बहुत्तरी के राजस्थानी अनुवाद देवीदान नाइता से करवाए थे, जिनका परिचय मैं 'सयुक्त राजस्थान' म प्रकाशित करा चुका हूँ।

अखलाक-अन-मोहसनी नामक एक फारसी ग्रथ का राजस्थानी अनुवाद सग्रामसिंह मुहणोत ने 'नीति प्रकास' के नाम स किया है। उसकी एक हस्तलिखित प्रति कई वर्ष पूर्व स्वर्गीय कविराज मुरारदानजी चारण क सग्रह मे देखी थी और उसका विवरण मैंने भी मरुवाणी मे प्रकाशित किया था। अभी यह जान कर हर्ष हुआ कि राजस्थानी शोध-सस्थान, जोधपुर इस महत्त्वपूर्ण ग्रथ को 'परम्परा' के विशेषांक मे प्रकाशित कर रहा है। वास्तव मे इस सस्थान ने थोड़े ही वर्षों मे राजस्थानी साहित्य की बहुत ही अच्छी सेवा की है और भविष्य मे भी उस

से बड़ी आशाएँ हैं। श्री नारायणसिंह भाटी का अनुरोध रहा कि मैं नीति प्रकाश के अनुवाद-विशेषांक में राजस्थानी-अनुवाद-परम्परा के संबंध में एक लेख दू। अतः अवकाश की कमी होने पर भी उनके अनुरोध की रक्षा प्रस्तुत लेख द्वारा की गई है।

नीति प्रकास की भाषागत विशेषताएँ

[श्री सीताराम लाळस]

प्रत्येक भाषा के विकास मे अनुवादो का बहुत महत्व होता है। स्थानीय जनता को अन्य देशो की उपयोगी बातो से परिचित कराने के लिए अनुवाद सबसे अधिक महत्वपूर्ण साधन है। हमारी प्रान्तीय भाषाओ मे संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश आदि भाषाओ के कई ग्रन्थो के अनुवाद किये गये हैं और प्रान्तीय भाषाओ के भी अनुवाद अथवा रूपान्तर एक दूसरी भाषा में होते रहे हैं। अंग्रेजी आदि योरोपीय भाषाओं से अनुवाद तो आधुनिक समय मे होने लगे हैं पर इसके पहले मुगल काल मे अरबी फारसी के ग्रंथो का उल्था अथवा रूपान्तर स्थानीय भाषाओं में काफी परिमाण मे हुआ है। राजस्थानी भाषा मे इस प्रकार के कुछ प्रयत्न मिलते हैं। नीतिप्रकास उनमे मे एक है। यह मूल ग्रंथ अखलाक-ऐ-मोहसनी, जो कि फारसी भाषा मे लिखा गया था, का अनुवाद है—जिसे लेखक ने अपनी सुविधानुसार संक्षिप्त भी कर दिया है।

इस अनुवाद की भाषागत विशेषताओं पर विचार करने से पता चलेगा कि अनुवाद कहाँ तक सफल हो पाया है।

यह अनुवाद १६वीं शताब्दी के प्रारंभ मे किया गया है। अत उस काल की राजस्थानी भाषा का अनुमान हमें इस ग्रन्थ की भाषा से लगता है। इसमे प्रयुक्त राजस्थानी भाषा सरल एवम् प्रवाहयुक्त है।

अनुवादक ने अंत तक प्रसाद गुण का निर्वाह किया है। कुछ अरबी फारसी के प्रयोगों को छोड दें तो भाषा अधिक प्रयत्नसाध्य अथवा दुरूह नहीं प्रतीत होती जैसी कि रतनसिंह महेशदासोत की वचनिका अथवा सूरज प्रकास आदि कुछ ग्रंथो मे मिलती है। राजस्थानी भाषा मे परिचित साधारण पाठक भी इसे समझ सकता है। कहीं-कहीं तो भाषा मे बड़ा ही सुन्दर प्रवाह और बारीक बातों को खूबी के साथ समझाने की शक्ति स्पष्ट जाहिर होती है।

मुहावरों का प्रयोग भी अनुवादक ने स्वत भाषा के प्रवाह मे यथा स्थान बड़ी सहजता के साथ किया है। ध्यान से पढ़ने पर इसमे सैकड़ों मुहावरे मिल सकते हैं जिनसे भाषा मे गति आ गई है और अर्थ-गौरव की प्रतीष्ठा हुई है। कुछ एक मुहावरों का प्रयोग तो बहुत ही सुन्दर हुआ है। जैसे—

मरद नैं धोरज सारी बाता मू भलो छै, तिणसू 'ग्ररथ सधै' ।[1]
जिण काम नू ग्राग्या करै तिणनू 'पूरणता नू पहुचावै' ।[2]
कहणै मे ग्रावै तिण वचन रै विरुद्ध 'चाल न चालै' ।[3]
दोहरा, दूबळा, निरासा ऊपर दया कर उणरी मनसा पूरण करै' ।[4]
देम मे 'जीव जोखै' छै जद ग्रापरो सायो रैयत माथा सू ग्रळगो होय ।[5]
घणी 'खातिर की' कुछ 'पाछ नही राखी' ।[6]
थाहरी दीनता रा कारण सू सावधानी रो 'पल्लो पकडियो' ।[7]
ग्रविस्वास री हद् करणी 'लोक बिचारणी' ।[8]

कही-कही तो एक ही वाक्य मे कई मुहावरो का प्रयोग हुग्रा है—

ग्रागै 'वडा करणी' री नीयत करी चाहीजै, भागण पडै तो पाछै इलाज करणो ।[9]
'राह बाधणी' 'डेरा मजाणा' 'कोट गढ सजाणा' 'ग्राछी ठौड़ बाकी ग्रागै पाछै देय उतरणो' 'मोरचा बाध लडणो' ।[10]
'चाल ढाल परखिया' विगर उण पर वधारण री 'निजर नही करै' ।[11]
रिणी रा 'ग्रोभरी निवळी' होय तिण वखता गूढ री भार 'खमियो नही जाय' ।[12]

इस प्रकार के मुहावरो के ग्रतिरिक्त कितने ही स्थलो पर भाषा का ग्रनूठा प्रयोग किया गया है, जिसमे बडी बात को भी सक्षिप्त सूत्र रूप मे स्वाभाविक ढग से व्यक्त कर दिया गया है। इससे राजस्थानी भाषा पर ग्रनुवादक के ग्रधिकार का पता चलता है। इस प्रकार की शैली का प्रयोग लेखक तभी कर सकता है जब कि वह केवल ग्रपनी भाषा पर ही ग्रधिकार न रखता हो वरन् ग्रन्य भाषा मे लिखी हुई बात को भी गहराई के साथ समझ गया हो। इस ग्रथ मे कई इस प्रकार के स्थल है जिनको स्मृति मे ग्रासानी से रखा जा सकता है। यथा:—

मो कोई मवद सू चुगला रा चित मे खात पडी ।[13]
धीरज कूची सुमहाली री छै ।[14]
होणहार नू तीर जाणियो चाहीजै ।[15]
मरम धरम नै रोसडा री डाहळो छै ।[16]
ग्रठै बैठियां ग्रागलो मुवारै तिको करणो भलो बात छै ।[17]
वादसाहा नू मपणाई पुस्ती छै ।[18]
ग्रदालतां न्याय नू ग्रदल गहणो रहजै ।[19]
जिरो चाहै प्रभु उणरो मुल्क मोटो करै तो उवै ममै रा दिहता नू मोटा करै ।[20]
गुनाह जे घणो वडो छै पण वडपण माफ करणै वाळै री उणसू ही घणो बडो छै ।[21]

---

१ पृ० २५। २ पृ० ३५। ३ पृ० ३५। ४ पृ० ३६। ५ पृ० ३७। ६ पृ० ६७। ७ पृ० ६७। ८ पृ० ८८। ९ पृ० ८८। १० पृ० ८६। ११ पृ० १४०। १२ पृ० १५३। १३ पृ० १७। १४ पृ० २५। १५ पृ० २७। १६ पृ० २७। १७ पृ० ३२। १८ पृ० ३५। १९ पृ० ३७। २० पृ० ३६। २१ पृ० ४५।

क्रोध जिणरा हाथ सू कंद छै ऊ मरद हकीम छै, जिणमे नरमी नही सो भूत बघेरो छै।[1]
मीठा बोल्या हाथी कान पकड़िया आवै।[2]
भलाई दोसती पैला ऊपर छै पण अत आपनू छै।[3]
आप भूंडा होयजे पण भला सू प्यार सगत कीजै।[4]
ऊमर बीजळी रै झबकै दाई जाय छै।[5]
मिनख रो जम थिर जीवण छै।[6]
जिमा खारा मीठा रोख वावै उसा ही फळ चावै।[7]

कहीं-कहीं उपमा और रूपक आदि के माध्यम से अच्छी अभिव्यक्ति बन पड़ी है जिसे पढ़ने से तथ्य की गहराई तक पैठने का अवसर मिलता है।

उदाहरण—

ज्यूं कोई भोजन लूण रै बिगर स्वाद न होय त्यू भलौ सुभाव नरमी रै बिगर सोहै नही।[8]

रैयत छाळी वाई छै अर बादसाह उण छाळियां रो धणी छै। जद धणी एक गवाळ नू छाळी सौंपी छै तो त्याळी नू बचावै।[9]

इस प्रकार के कई अलङ्कृत वाक्यों का प्रयोग इस ग्रंथ मे देखने को मिलेगा। कहीं-कहीं विशेष प्रकार के मिश्रित वाक्यो का प्रयोग भी मिलता है। यह शायद मूल ग्रंथ की वाक्य-रचना के प्रभाव के कारण है। यथा—

आप करता छो, समरथ छो—प्रजा रा दुख दूर करणै नू, आपणी कुदरत दिखावणै नू।[10]

मुस्लिम सस्कृति के प्रभाव के कारण राजस्थानी भाषा म अरबी फारसी के शब्दो का आगमन हुआ है और वे इस भाषा मे घुल-मिल गये हैं। पर इस ग्रंथ में इस प्रकार के शब्द कुछ अधिक आये हैं क्योंकि मूल ग्रंथ फारसी भाषा का था और अनुवादक ने अनुवाद की सहूलियत के लिये उन्ह कुछ हेर-फेर के साथ यथा स्थान अपना लिया है। जैसे—

मुबारकबादी, सुकर, अदब, कजिया, सरियत, अेमाल, मजकूर, नुकता, किवार, सुजायत, गैरत, फिरासत दिलगीरी, जेरदस्त, खानाजगी, फजीलत, दोजख, तहकीक, तफा, मरतबो स्वार, खिदमत, अलची, खता तरबीयत, जागात, बाव, तफसील, तक-सीर आदि।

यह सब कुछ होते हुए भी अनुवादक ने ठेट राजस्थानी के शब्दो का भी प्रचुर मात्रा में प्रयोग किया है जिससे अनुवाद म सजीवता आ गई है। कुछ शब्द तो ऐसे हैं जिनमे राज-स्थानी सस्कृति की विशेषता झलकती है। जैसे—

मोळूप, माहोमाहे, मया, जतन, भालणो, ताई, राजस, गपगाई, निरगाई, पायो, रिप, जिवाई, करड़ो, डावड़ो, डावड़ो, मनगराई, सभागियो, बखांण, बूत, साग, गेंध,

---

[1] पृ० ८८। [2] पृ० ५१। [3] पृ० १२। [4] पृ० ५५। [5] पृ० १०६। [6] १५ पृ० १०६। [7] पृ० १६०। [8] पृ० ८८। [9] पृ० १५५। [10] पृ० २०।

रूंखडो, जूझार, माटीपणो, सीख, सिरोपाव, बखतावर, खाटरो, मुळकिया, ग्रडकाई, सूमड़ापरा, भूंडो, ग्रमोलक, उछेरणो, जीमरा, मायत, ग्रगोतर, सोस, मिनखाचारो, भुजाई, चूक, तंत, गळगळो, उवारणा, लखरा, टराकाई, ग्रारसी, ग्रोपरो, फूटरो, बतळावरा, पाट, सासता ग्रादि ।

ग्रतः ऊपर के विवेचन से यह स्पष्ट है कि ग्रनुवादक दोनो ही भाषाग्रो का ग्रच्छा जानकार था ग्रौर उसने राजस्थानी भाषा मे इस ग्रंथ को प्रस्तुत कर एक महत्वपूर्ण कार्य किया है ।

बोध-कथा—स्वरूप और उद्भव

[डॉ० कन्हैयालाल सहल]

नीति-प्रतिपादक पशु-पक्षी-कथाओं को सामान्यत बोध-कथाओं (Fables) के नाम से अभिहित किया जाता है। इनमे पशु-पक्षी मानव पात्रों की भांति व्यवहार करते हैं। मनो-रजन और बोध दोनों का एकत्र समावेश इस प्रकार की कथाओं मे देखा जाता है; फिर भी बोध इन कथाओं का सार-तत्त्व होता है, इसीलिए बोध-कथाओं के रूप मे ये अपने नाम को सार्थक करती हैं।

लोकवार्ता-शास्त्र के विशेषज्ञों की मान्यता है कि सबसे पहले भारतवर्ष मे ही बोध-कथाओं का उद्भव हुआ होगा। भारत के आदिम निवासियों का प्रकृति से साहचर्य जगत्प्रसिद्ध है। इतना ही नहीं, हमारे देश के इतिहास मे जो बड़े-बड़े दो प्राचीन युग बीत चुके हैं—वैदिक युग और बौद्ध युग—इन दोनों युगों को वन ही ने धात्री के रूप म धारण किया है। केवल वैदिक ऋषियों ने ही नहीं, भगवान बुद्ध और महावीर ने भी कितने ही आम्र-वनों और कितने ही वेणु-वनों मे अपने उपदेशों की वर्षा की है—राजप्रासाद में वे समाये ही नहीं, वनों ने ही उन्हें अपने हृदय से लगाया था।[1] इसलिए कोई आश्चर्य की बात नहीं, यदि भारतीय लोक-कथाओं म पशु-पक्षियों को इतना महत्वपूर्ण स्थान मिला हो।

विण्टरनिज के मतानुसार बोध-कथाएँ, जो लोगों मे प्रचलित रही होंगी और वैदिक साहित्य मे भी किसी रूप मे जिनकी झांकी देखने को मिलती है, पहले-पहल ईसा की तीसरी शताब्दी पूर्व जातकों के रूप म प्रकट हुई, जिसका प्रमाण भरहुत और सांची के शिलालेखों मे मिल जाता है। इसके अतिरिक्त पतजलि न अपने महाभाष्य म 'काकतालीयवत' जैसे समा-सान शब्दों पर विचार किया है जिससे हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि बोध-कथाओं का अस्तित्व ईसा की दूसरी शती मे भी पूर्व रहा होगा।

कहा जाता है कि भारत म उद्भूत होकर ही बोध-कथाएँ विश्व के अन्य देशों म फैली होंगी। बेनफी ने बतलाया है कि अनुवादों के माध्यम से सभी प्रकार की लोक-कथाएँ भारत

---

१. द्रष्टव्य—तपोवन (रवीन्द्रनाथ ठाकुर) पृ० ३६२, विशाल भारत अप्रैल १६३६।

मे यूरप पहुँची। प्रारभिक वर्षो मे यहूदियो ने, जो भारत और यूरप के बीच व्यापार किया करते थे, इन बोध-कथाओ को यूरप तक पहुँचाने मे बड़ा योग दिया।

बोध-कथाओ के क्षेत्र मे ईसप का नाम बड़े आदर के साथ लिया जाता है। किंवदन्ती यह भी है कि सुकरात जब कैद मे था, तब उसने ईसप की कथाओ को पद्यात्मक रूप देना प्रारम्भ किया था। इस आधार पर कुछ इतिहासकारो ने ईसप का समय ईसा की छठी शताब्दी पूर्व माना है किन्तु कुछ आधुनिक समीक्षक तो ईसप का अस्तित्व तक स्वीकार नही करते। ईसप के अस्तित्व को स्वीकार न करना भी एक प्रकार के अतिवाद का ही आश्रय लेना होगा। हा, यह सभव है कि ईसप की कृति लिखित रूप मे न आई हो अथवा लुप्त हो गई हो।[1]

ईसप की कथाओ का पहला सकलन १५वी शताब्दी मे प्रकाशित हुआ किन्तु जातक की कथाएँ उससे पहले ही यूरप की यात्रा कर चुकी थी।

महाभारत मे स्थान-स्थान पर बहुत सी बोध-कथाओ का उल्लेख मिलता है। शाति-पर्व तो उपदेश-कथाओ का आगार ही समझिये। इनमे अनेक कथाएँ वास्तविक अर्थ मे बोध-कथाएँ (Fables) गृध्र-गोमायु-सवाद, कपोत-व्याध तथा कर्ण-पर्व मे प्राप्त हस-काकीयोपाख्यान उदाहरण के रूप में रखी जा सकती हैं।

ऊपर बेनफी आदि के मतो को उद्धृत करके यह सिद्ध करने का प्रयत्न किया गया है कि बोध-कथाएँ भारत से यात्रा करते हुए विश्व के अन्य देशो मे पहुँची किन्तु कीथ जैसे कुछ विद्वानो ने इस विषय मे भिन्न मत प्रकट किया है। उन्ही के शब्दो मे "There are identical fables in East and West, Greece and India. Somehold Greece and others India to be the source of all; others again favour India, but admit that some fables must have come from Greece The truth probably is that the fable as a type did not arise exclusively either in India or in Greece, but that it came into being independently in each country, and that an interchange of individual fables between Greece and India took place when communication between the two countries arose"

उक्त उद्धरण से स्पष्ट है कि कीथ इस बात को मान कर चले हैं कि ग्रीस और भारत दोनो देशो मे बोध कथाओ का स्वतन्त्र रूप स उद्भव हुआ है और आगे चल कर जब दोनो देशो मे यातायात होने लगा तो बोध-कथाओ का भी आदान-प्रदान प्रारम्भ हुआ।

जो भी हो, इतना तो कीथ ने भी स्वीकार किया है कि जितना कथा-साहित्य भारत मे प्रसूत हुआ उतना विश्व के अन्य किसी भी देश मे नही। दूसरी बात यह है कि पुनर्जन्म-

---

१ Fable and its origin (Prof P N. Kawthekar) Journal of Scindia Oriental Institute, Vol II, p 16

सिद्धान्त मे व्यापक विश्वास के कारण भारत बोध-कथाग्रो के लिए ही उपयुक्त क्षेत्र रहा क्योंकि इससे पशु-पक्षी भी कथाग्रो के नायक बनने मे समर्थ हो गये ।[१]

जहाँ तक मैं समझता हूँ, प्रारम्भ मे बोध-कथाएँ (Fables) भी मनोरंजन ग्रथवा 'कथा-कथा के लिए' के रूप मे हो रही होगी; ग्रागे चल कर मामारिक ज्ञान के शिक्षण की दृष्टि से उनका प्रयोग होने लगा होगा। राजस्थान मे भी पशु-पक्षियो से सम्बन्ध रखने वाली ऐमी कथाएँ मिल जाती हैं जिनमें प्रत्यक्ष रूप मे बोध-दृष्टि उभर कर सामने नही ग्राती। उदाहरण के लिए निम्नलिखित कथा को लीजिये—

"एक लोमडी किसी जलाशय पर पानी पीने गई। गीदड को वहाँ बैठे देख कर बोली—'शृगाल मामा, मुझे पानी पीन की इजाजत दो।' शृगाल ने कहा—'पहले मुझे एक माखी सुनाग्रो, फिर निर्भय होकर पानी पी सकती हो।' लोमडी ने शृगाल की प्रशंसा में कहा—

रूपे की तेरी चूतरी, मोने ढाळी है।
काना मे तेरै गोखरू, जाणे राजा बैठयो है।

ग्रर्थात् तुम्हारा चबूतरा चाँदी का बना हुग्रा है, जिस पर मोना ढाल दिया गया है। तुम्हारे कानो मे गोखरू हैं जिनमे तुम ऐमे जान पडते हो मानो कोई राजा बैठा हुग्रा हो।

इस उत्प्रेक्षा को सुन कर गीदड बहुत प्रसन्न हुग्रा। जब भर पेट पानी पीकर लोमडी चलने लगी तो गीदड ने उसे दूसरी साखी सुनाने के लिए कहा। लोमडी को शरारत सूझी ग्रौर बोल उठी—

माटी की तेरी चूतरी, गोबर ढाळी है।
कानां म तेरै खूसडा, जाणे ढेढ बैठयो है।

ग्रर्थात् मिट्टी का तेरा चबूतरा है जिस पर गोबर बिखरा हुग्रा है। कानो मे फटे-पुराने जूते हैं जिनसे तुम चमार लगते हो।

गीदड यह सुन कर बडा रुष्ट हुग्रा। लोमडी भगी ग्रौर गीदड उसके पीछे-पीछे चला। लोमडी एक बाँस के पेड पर चढ गई। तब गीदड ने कहा— *गादड मारी पालखी, मे' पड क्यां हालसो।*'

---

१ India presents a soil particularly favourable to the invention of fables, animal stories and fairy tales. For here we find the belief in transmigration, which effaces the difference between the human and the animal worlds, and which thus renders it quite natural for animals to be the heroes of stories. Consequently no other country has produced so extensive a literature of stories as India —A. B. Keith.

चालाक लोमड़ी ने गीदड को चकमा देने की सोची। उसने कहा—'ओ मामा! काळी कामळ कुत्ता घणा, बै कुण आवै च्यार जणा' अर्थात् देखो मामा! वे कौन चार चले आ रहे है—काली कबल ओढे हैं, साथ मे बहुत से शिकारी कुत्ते हैं।

गीदड लोमडी की भभकी मे आ गया और डर कर भग गया। इस प्रकार लोमडी की उक्ति सफल हो गई।"

ऊपर की लोक-कथा गीदड और लोमडी से सबद्ध होने के कारण पशु-कथा ही कही जायगी। इस कथा का सबध यथार्थ जीवन के स्वाभाविक क्रिया-कलापो से है जिनमे बोध की कोई प्रत्यक्ष पद्धति दृष्टिगोचर नही होता।

ईसप की बोध-कथाओ मे बोध-पद्धति स्पष्ट है। ईसप की कथाओ से मिलती-जुलती कुछ राजस्थानी कथाएँ लीजिये—

१. "एक चीटी पानी मे बही जा रही थी। एक चिडिया ने उसकी सहायता के उद्देश्य से लकडी का एक टुकडा पानी मे डाल दिया और चीटी उसके जा लगी जिससे उसके प्राण बच गये। एक दिन एक चिडीमार आया जिसने चिडिया को जाल मे फँसाने की सोची। चीटी ने मौका देख कर चिडीमार को काट खाया। इतने मे चिडिया उड गई।"

सच है, उपकार का फल अच्छा होता है।

२. "एक ब्राह्मण किसी नाग को दूध पिलाया करता था। नाग एक अशर्फी रोज ले आया करता था। एक दिन ब्राह्मण तीर्थ-यात्रा के लिए गया। उसके पुत्र ने पीछे से सोचा—यदि यह नाग मर जाय तो सारा धन मुझे एक साथ मिल जाय। यह सोच कर उसने नाग के मस्तक पर लाठी मार दी। इतने मे ब्राह्मण भी लौट आया और नाग देवता की स्तुति करने लगा जिस पर नाग ने उत्तर दिया—

चित्त फटे जिण मीत सू , जुडे न कोट उपाव।
तनै पुत्र को दुख है, मनै सीस को घाव॥"

सच है, मित्रता जब एक बार टूट जाती है तो फिर जुडती नही।

३. "एक मोटे कुत्ते से भेडिये ने पूछा—'तुम्हारे इतने मोटे होने का क्या रहस्य है?' कुत्ते ने उत्तर दिया—'मेरा मालिक मुझे खुराक अच्छी देता है, चलो तुम्हे भी नौकर रखवा दूँ।'

कुत्ते ने कहा—'रात को मेरा मालिक मुझे खोल देता है। मैं घर के अन्दर उसके सामान की रखवाली करता हूँ। दिन मे वह मुझे बाँध देता है ताकि मैं किसी का नुकसान न कर सकूँ।'

भेडिये ने उत्तर दिया—'यह नौकरी तुम्हे ही मुबारक हो। इस प्रकार बन्धन मे रह कर मुझे अच्छी खुराक नही चाहिए।'"

सच है, बन्धन बुरी बला है।

ऊपर उद्धृत की हुई तीनो कथाओं से स्पष्ट है कि उपदेश या नीति-शिक्षा (Moral) बोध-कथाओ (Fables) का प्राण है। Encyclopaedia Britannica मे बोध-कथा के संबंध में यथार्थ ही कहा गया है—

> 'The fable is composed of two parts—body and soul. The body is the story, the soul the morality.'

बोध-कथाओ मे पशु-पक्षी मुख्य अभिनेता होते हैं और वे उसी प्रकार बर्ताव-व्यवहार करते हैं जिस प्रकार मनुष्य करते हैं।

ऊपर के विवेचन के आधार पर बोध-कथा के संबंध मे हम निम्नलिखित निष्कर्षों पर पहुँच सकते हैं—

१. बोध-कथा पशु-पक्षियो आदि से सबद्ध होती है।
२. इसका प्रमुख उद्देश्य शिक्षा देना होता है।
३. बोध-कथा मे मानव और पशु-पक्षियो मे व्यवहारगत कोई दूरी नहीं दिखाई देती।
४. अन्य लोक-कथाओ की भाँति बोध-कथाओ मे भी मनोरजन की मात्रा कम नही रहती।

बोध-कथाओं की दृष्टि से राजस्थान काफी समृद्ध है। अभी बोध-कथाओ का वैज्ञानिक अध्ययन हमारे देश मे उतना नही हुआ है जितना होना चाहिए। आशा है, विद्वानो का ध्यान इस ओर आकृष्ट होगा।

जातक कथाओं का लौकिक आधार

[श्री मनोहर शर्मा]

जातक कथाएँ हमारा अनमोल धन हैं। इनमे भगवान बुद्धदेव के पूर्व जन्मो की कहानियाँ दी गई हैं। इस अवस्था मे उनको 'बोधिसत्व' नाम दिया गया है। बोधिसत्व की महिमा डॉ॰ वासुदेवशरण अग्रवाल ने इस प्रकार प्रकट की है—'दान, शील, क्षान्ति या करुणा, वीर्य या पराक्रम, ध्यान या चित्त की अविचल स्थिति, प्रज्ञा या मन और बुद्धि की ब्राह्मी स्थिति, इस प्रकार के ये चरित्र-गुण लोक मे आदर्श के रूप मे प्रतिष्ठित हुए। जो व्यक्ति इन गुणों की सविशेष साधना करता है वह बोधिसत्व है। प्रत्येक व्यक्ति को बोधिसत्व बनने का अधिकार है। इनके अतिरिक्त और भी जितने भी चरित्र के गुण हैं वे सब पारमिताओं के अन्तर्गत आते हैं। पारमिता का सीधा-सादा अर्थ है—किसी प्रकार की पूर्णता। इन पारमिताओं के आदर्श से लोकमानस सच्चे रूप मे उद्वेलित हुआ। इनकी व्याख्या के लिए सैकड़ो दृष्टान्तो की रचना हुई। मनुष्य के जीवन मे सिवाय इन गुणो के और मूल्यवान तत्व है क्या ? जहाँ किसी भी प्रकार का गुणोत्कर्ष हो, वहीं बोधिचित्त (ज्ञानयुक्त मन) का अंश समझना चाहिए।'[1]

कोई भी उपदेश कथा के रूप मे दिए जाने से विशेष प्रभावशाली होता है और वह स्मरण भी काफी लम्बे समय तक रहता है। इस विषय म लोक कथाओं की महिमा बड़ी ऊँची है। विद्वान लोग अपने उपदेशो मे उनका सदा से प्रयोग करते आए हैं। लोक-मानस को सन्मार्ग की ओर प्रेरित करने के लिए उनको सँवार सजा कर भी प्रस्तुत किया गया है। ऐसा किए जाने स उनका वातावरण बदल जाता है और उनमे कुछ परिवर्तन आ जाता है। अपने मूल रूप मे जातक कथाएँ भी लोक कथाएँ ही हैं। उनको सतर्कता कुशलतापूर्वक जातक कथाओं के रूप मे सँवारा सजाया गया है। जैन विद्वानों न भी अपने कथा-ग्रंथो म ऐसा ही किया है। डॉ॰ हर्टेल न बौद्ध और जैन कथाओ की तुलना करते हुए कुछ महत्वपूर्ण तथ्य प्रकट किए हैं जो इस प्रकार है—

---

१. कला और संस्कृति, पृष्ठ १३०–१३१।

१—जातको की कहानियाँ प्रायः अभिप्राय के अनुसार 'लोक-प्रचलित कथा' का विकृत रूप है, जब कि जैन कहानियो मे कथा का रूप ज्यो का त्यो है, केवल अंत में उपदेश भर जैनमत का है। जैन कथाओ मे उपदेश कहानी के ढाँचे में नही बल्कि उसके विश्लेषण में होता है जिसे 'केवलित्' अत मे कहता है। जैन कथाकार उस कहानी के नायक तथा अन्य पात्रो के नैतिक अनैतिक किन्तु स्वाभाविक जीवन-क्रम में कोई हस्तक्षेप नही करता।

२—जातको मे हर जगह 'बुद्ध' स्वय उपस्थित हो जाते हैं जब कि जैन कथाओ मे हर जगह 'महावीर' नही आते।

३—जातक कहानियाँ अतीत से सबद्ध होती है जब जैन कहानियो का सबध वर्तमान से भी होता है।

४—इसलिए लोक कथाओ के यथार्थ रूप के सरक्षण तथा जन-जीवन के विभिन्न वर्गो के यथार्थ चित्रण के कारण जैन कथाओ का बहुत बडा महत्व है[1]।

जातक कथाओ के लौकिक आधार का विषय इतना विस्तृत है कि इस पर एक विशाल ग्रथ तैयार हो सकता है। यहाँ पर इस सबध मे कुछ चुने हुए उदाहरण प्रस्तुत किए गए हैं। इन उदाहरणो मे राजस्थानी लोक कथाओ का प्रयोग किया गया है जो मूल रूप मे भारतीय लोक-कथाएँ है और खोज करने पर ये अथवा इनके परिवर्तित रूप भारत के अन्य प्रदेशो मे भी प्राप्त हो सकते हैं। समय पाकर लोक कथाओ का भी रूप बदलता रहता है और एक ही लोक कथा के एक ही प्रदेश मे विविध रूप प्रचलित हो जाते है। ऐसी स्थिति मे यह नही कहा जा सकता है कि जातक कथाओ की रचना के समय उनकी आधारभूत लोक-कथाओ का रूप कैसा और क्या रहा होगा। यही कारण है कि कई जातक कथाएँ लोक कथाओ से बहुत कुछ मिलती हैं जब कि कई ऐसी हैं जिनमे लोक कथा की झलक-सी दृष्टिगोचर होती है। फिर भी यह तुलना बडी रोचक लगती है।

लोक कथाओ को जातक कथाओ के रूप मे प्रस्तुत किए जाने की प्रक्रिया मे एक परिवर्तन विशेष रूप से सामने आता है और वह है उनका धार्मिक वातावरण। इस परिवर्तन के पीछे एक उद्देश्य है जिसमे लोकोपकार की निर्मल भावना भरी हुई है। 'नाम सिद्धि' जातक की कथा मे बोधिसत्व तक्षशिला मे आचार्य के रूप मे शिष्यो को मत्र पढ़ाते हैं। उनके एक शिष्य का नाम 'पापक' है जो इस नाम को अमागलिक समझ कर आचार्य से बदलवाना चाहता है। आचार्य उसे आदेश देते हैं कि वह स्वयं घूम-फिर कर अपनी इच्छानुसार कोई मांगलिक नाम चुन लेवे। तदनुसार वह आश्रम से निकल कर भ्रमण करने लगता है। एक जगह वह 'जीवक' नाम वाले व्यक्ति को मरा हुआ देखता है। दूसरी जगह वह 'धनपाली' नामक दासी को पीटे जाते हुए देखता है। अत मे वह 'पथक' नाम वाले व्यक्ति को मार्ग भूला हुआ पाता है। इस से उसको अपने नाम की अमागलिकता जरा भी बुरी प्रतीत नही होती और वह लौट कर आचार्य के आश्रम मे आ जाता है। यह कथानक भारत के लगभग सभी प्रदेशो मे विविध रूपों मे लोक-प्रचलित है। यह नाम कही 'लहटूरा' है, कही 'ठनठनलाल' है और कही

१ हिन्दी के विकास मे अपभ्रंश का योग, पृष्ठ १६६–२००।

'तुम्बक्तूरा' है। ऐसी स्थिति में यह सहज ही संभावना की जा सकती है कि जातक कथा की रचना के समय यह नाम कुछ और भी विचित्र सा रहा होगा और धार्मिक वातावरण उपस्थित करने के लिए ग्राचार्य के शिष्य को 'पापक' कहा गया है।

आगे जो उदाहरण दिए गए हैं उनका विषय की विविधता को ध्यान में रख कर चुनाव किया गया है परन्तु विस्तार-भय के कारण उनको यथा सभव सक्षिप्त करना पड़ा है।

१—स्वर्णमृग

निग्रोधमृग जातक में सुनहरे हरिण के सम्बन्ध में अत्यंत मार्मिक कहानी दी गई है जिसका सक्षिप्त रूप इस प्रकार है।—

किसी वन में एक स्वर्णमृग अपने झुंड के पांच सौ हरिणों के साथ रहता था। उसका नाम निग्रोधमृग था। उससे थोड़ी दूर एक अन्य स्वर्णमृग अपने इतने ही बड़े झुड के साथ रहता था, जिसका नाम शाखामृग था। उस प्रदेश का राजा मास का बड़ा प्रेमी था। प्रति दिन वह जनपद के लोगों को इकट्ठा करके शिकार के लिए जाता और इसमें लोगों को अपने काम में बड़ा हर्ज होता। ऐसी स्थिति मे लोगो ने चतुराई से दोनो स्वर्णमृग के झुडों को एक उद्यान में लाकर बद कर दिया जिससे कि राजा वहां से इच्छानुसार शिकार करले और उनको अपने काम मे हानि न हो।

अब राजा उद्यान मे शिकार के लिए जाने लगा। इससे अनेक हरिण घायल हो जाते थे, अत निग्रोधमृग ने शाखामृग से सलाह करके यह निर्णय किया कि प्रतिदिन बारी-बारी से उनके झुडो मे से एक मृग राजा के लिए अपने आप चला जावे। राजा ने दोनो स्वर्णमृगो को अभयदान दिया और उनका शिकार का क्रम बन्द हो गया।

एक दिन एक गर्भवती मृगी की बारी आई जो शाखामृग की टोली की थी। उसने अपने सरदार से निवेदन किया कि उसकी बारी में किसी दूसरे हरिण को भेज दिया जावे क्योंकि उसके साथ दो जीव नष्ट होंगे। शाखामृग ने उसकी प्रार्थना अस्वीकार करदी। फिर उसने निग्रोधमृग के पास पहुँच कर इसी प्रकार निवेदन किया। निग्रोधमृग किसी दूसरे हरिण को न भेज कर स्वयं उसकी बारी मे अपना जीवन दान करने के लिए चला गया। रसोइये ने अभय-प्राप्त मृग को आया हुआ देख कर राजा को वहां बुलाया। राजा स्वर्णमृग से पूरा वृत्तान्त सुन कर अत्यत प्रभावित हुआ और उसने गर्भवती मृगी को अभय दिया। इसी प्रसग मे निग्रोधमृग ने राजा से समस्त पशुओ, पक्षियो एव जानवरो के लिए भी अभय वचन ले लिया और कुछ समय उद्यान में रह कर सभी मृग वन में चले गए।

जिस हरिणी की बारी आई थी, समय पाकर उसने शिशु को जन्म दिया। शिशु कुछ बड़ा होकर शाखामृग के पास जाने लगा तो उसकी माता ने उसे समझाते हुआ कहा—

निग्रोधमेव सेवेय्य न साखमुप संवसे।
निग्रोधस्मि मत सेय्यो यञ्चे साखस्मि जीवितं॥"

[हे पुत्र, निग्रोधमृग के पास जाना। कभी शाखामृग के पास न जाना। शाखामृग के आश्रय मे रह कर जीने का अपेक्षा निग्रोधमृग के आश्रय मे रह कर मरना ज्यादा अच्छा है।]

इस कथा का निग्रोधमृग बोधिसत्व के रूप में चित्रित किया गया है। वह परोपकार एवं त्याग की प्रतिमा है। उसकी परम उदात्त भावना से प्रभावित होकर घोर हिंसक राजा सर्वथा अहिंसक बन गया। बोधिसत्व का यह आदर्श लोक-कल्याण की भावना से ओतप्रोत है।

राजस्थान में हरिण संबंधी एक लोक कथा प्रचलित है। संभव है कि उसके किसी प्राचीन रूप को आधार मान कर निग्रोधमृग जातक की रचना हुई है। राजस्थानी लोक कथा का संक्षिप्त रूप इस प्रकार है—

"किसी नगर के पास एक बीड (जंगल) था जिसमें अनेक प्रकार के जानवर रहते थे। नगर का राजा शिकार का बड़ा ही प्रेमी था। वह प्रति दिन अपने आदमियों को लेकर 'बीड' में जाता और शिकार खेलता। इससे कई जानवर मारे जाते और कई घायल हो जाते। जानवरों को बड़ी पीड़ा होती। इसलिए 'बीड' के सब जानवरों ने मिल कर एक बार निर्णय किया कि प्रति दिन एक जानवर अपनी बारी के अनुसार राजा के यहाँ स्वयं चला जावे जिससे कि उनको हर रोज विपत्ति का सामना न करना पड़े और राजा की भी इच्छा पूरी हो जाय। राजा ने जानवरों के इस निर्णय को मान लिया और प्रति दिन एक जानवर स्वयं उसके 'रसोवड़े' (रसोई) के लिए जाने लगा।

एक दिन एक 'खोड़े' (लंगड़े) हरिण की बारी आई। वह धीरे-धीरे चला जा रहा था। इतने में ही वर्षा प्रारम्भ हुई और वह एक झाड़ी के नीचे ठहर गया। उसी समय वर्षा से बचने के लिए एक हरिणी भी उसी झाड़ी के नीचे आई। उसने वहाँ हरिण को देखा। वह 'रुत' पर थी (गर्भाधान करने के समय में थी)। हरिणी ने हरिण से विवाह करने के लिए निवेदन किया। हरिण ने उत्तर दिया कि प्रथम तो वह 'खोड़ा' है, दूसरे वह अपनी बारी में राजा के 'रसोवड़े' के लिए जा रहा है, अतः उसके सामने विवाह का प्रश्न ही पैदा नहीं हो सकता। हरिणी ने उसे समझाते हुए कहा कि 'सुख तो घड़ी को ही चोखो' (सुख तो घड़ी भर के लिए मिले वह भी ठीक ही है)। खैर, हरिण ने उसका प्रस्ताव स्वीकार कर लिया और वर्षा बंद न होने तक वह 'जोड़ी' वहीं ठहरी रही।

थोड़ी देर बाद वर्षा बंद हुई और हरिण अपनी बारी के अनुसार आगे बढ़ा। हरिणी ने भी अपने पति का अनुगमन किया। आज की बारी में निश्चित स्थान पर एक की जगह दो जानवर पहुँचे। हरिणी ने वधिक से कहा कि 'रसोवड़े' के लिए उसके पति के स्थान पर उसे स्वीकार किया जावे। इस पर हरिण ने उसे रोकते हुए कहा—'मैं तो मरूं मेरी आई, तू क्यूं मरे पराई जाई।' परन्तु हरिणी नहीं मानी और उनके विवाह की सूचना राजा के पास पहुँचाई गई। राजा स्वयं वहाँ आया और उसने उन दोनों से पूरा वृत्तान्त सुन कर उन्हें जीवन दान दिया। हरिण-हरिणी इतने से सन्तुष्ट नहीं हुए तो राजा ने उस बीड़ के सभी जानवरों को अभय दान दे दिया। तदनन्तर वे दोनों सानंद बीड़ में लौट आए और सब जानवरों को यह शुभ संवाद सुना दिया गया।

इस लोक कथा के दो वाक्य 'सुख तो घड़ी को ही चोखो' और 'मैं तो मरूं मेरी आई, तू क्यूं मरे पराई जाई' राजस्थान में कहावतों के रूप में प्रचलित हैं जो इस कहानी को

प्रभावोत्पादकता एव साथ ही जनप्रियता भली-भाँति प्रकट करते हैं। राजस्थानी लोक कथा एव निग्रोध जातक दोनो ही सिंह और शशक सबंधी उस सुप्रसिद्ध कहानी का स्मरण करवाते हैं जिसमें शशक ने सिंह को कुए के पानी मे अपनी ही परछाही दिखला कर उसके अदर गिरवा दिया और इस प्रकार वन के जीवो को भयमुक्त किया। इस कहानी में बुद्धि का चमत्कार दिखलाया गया है और यह एक शिक्षाप्रद नीति कथा है। राजस्थानी लोक कथा मे दाम्पत्य प्रेम की महिमा प्रकट की गई है परन्तु फिर भी यह निग्रोध जातक से काफी अश मे मिलती है और इन दोनो मे जो अन्तर है वह ऊपर से मिलाया हुआ सा प्रतीत होता है। यह अन्तर मूल कहानी में बौद्ध वातावरण प्रस्तुत करने के लिए किया गया है। स्वर्णमृग की कल्पना अनूठी है। स्वर्णमृग के प्रसग ने रामकथा को भी एक विशेष मोड़ दिया है। जातक कथा मे एक साथ दो स्वर्णमृग हैं। बुद्धदेव के सामने देवदत्त की हीनता दिखलाने के लिए जातक कथा मे ऐसा किया गया है अन्यथा इस कथा का मूल उद्देश्य 'शाखामृग' की उपस्थिति के बिना भी सिद्ध हो सकता था।

२—नीत गैल बरकत

राजस्थान मे एक कहावत प्रचलित है—'नीत गैल बरकत' अर्थात् नीयत के अनुसार बरकत होती है। इस कहावत की कहानी इस प्रकार कही जाती है—

"किसी समय एक राजा शिकार खेलते हुए मार्ग भूल कर अपने साथियो से भटक गया। वह इधर-उधर काफी घूमा परन्तु उसे मार्ग नही मिला। अत मे वह एक गन्ने के खेत मे पहुँचा। उसे प्यास सता रही थी। उसने खेत की रखवाली करने वाली बुढ़िया से जल मागा। बुढ़िया ने उसे साधारण आदमी समझ कर दयावश एक गन्ना प्यास बुझाने के लिए दिया। राजा इस गन्ने से तृप्त हो गया। यह असाधारण रूप से मीठा और रसभरा था। राजा ने बुढ़िया से पूछा कि उसके खेत का लगान कितना है ? बुढ़िया ने अब भी उसे नही पहिचाना और लगान की रकम बतला दी। राजा वहाँ से चल पडा। चलते चलते उसने निश्चय किया कि वह उस खेत का लगान जरूर बढ़ायेगा जिसकी उपज इतनी मधुर तथा लाभदायक है।

राजा कुछ आगे चला। अब उसे रास्ता मिल गया। उसे वहीं से लौट कर राजधानी के लिए आना पड़ा। बुढ़िया के खेत पर फिर आया। अबकी बार भी राजा ने प्यास मिटाने के लिए गन्ना मागा और उसे दे दिया गया। यह गन्ना न तो उतना मीठा था और न उसमे उतना रस ही था। राजा ने यह बात बुढ़िया से कही। उसने उत्तर दिया कि खेत के गन्ने तो सभी समान है परन्तु अब राजा की नीयत बदल गई होगी। इसी से गन्नें की मधुरता तथा रस की मात्रा कम हो सकती है। इतना सुनते ही राजा गम्भीर हो गया। बुढ़िया ने सही बात कही है। राजा ने खेत का लगान बढ़ाने का विचार छोड़ दिया और वहाँ से चल कर अपनी राजधानी म आ गया। अब वह बुढ़िया की शिक्षा के अनुसार काम करता था। उसका राज्य सब प्रकार से फूलने-फलने लगा।"

स्व० चन्द्रधरजी गुलेरी ने नागरी प्रचारिणी पत्रिका, भाग ३, पृष्ठ १०६ पर इसी विषय पर टिप्पणी लिखते हुए प्रबंध चिंतामणि ग्रंथ की एक कहानी दी है जो सार रूप मे इस प्रकार है—

"एक बार राजा भोज अपने एक मित्र को साथ लेकर गुप्त वेश मे रात के समय नगर मे निकला। वे दोनो एक वेश्या के घर पर पहुँचे। राजा को प्यास लग रही थी, अतः जल माँगा गया। वेश्या गई और कुछ देर लगा कर एक पात्र मे गन्ने का रस लेकर लौटी। इस समय उसके बदन पर खिन्नता झलक रही थी। राजा के मित्र ने उससे खेद का कारण पूछा तो उसने प्रकट किया कि पहिले एक गन्ने के रस से एक घडा और एक वाहटिका (वाटकी) भर जाते थे मगर अब यहाँ के राजा का मन प्रजा के विरुद्ध हो गया प्रतीत होता है और यही कारण है कि इतनी देर मे गन्ने के रस से केवल एक बाहटिका ही भरी है। राजा सब सुन रहा था। उसने वेश्या के कथन की सत्यता अनुभव की। उस समय एक बनिया शिव-मंदिर मे नाटक करवा रहा था और राजा ने मन मे विचार किया था कि उसे लूटा जावे। वेश्या ने बडी गहरी बात कहदी। राजा वहाँ से चल कर अपने महल मे आ गया।

राजा ने रात के समय कोई बुरा विचार मन मे नही आने दिया और दिन मे भी प्रजा का भला ही करता रहा। आज रात को वह फिर गुप्त वेश मे उसी वेश्या के घर गया और पीने के लिए जल माँगा। वेश्या थोडी ही देर मे गन्ने का रस लेकर प्रसन्नतापूर्वक लौटी। आज उससे प्रसन्नता का कारण पूछा गया तो उसने प्रकट किया कि राजा का मन प्रजा के हित-चिन्तन मे प्रवृत्त हो गया प्रतीत होता है क्योकि थोडी-सी देर मे गन्ने से काफी रस निकल आया है। राजा प्रसन्न होकर वेश्या के घर से लौट आया।"

इसी टिप्पणी मे स्व० मुशी देवीप्रसादजी द्वारा गुलेरीजी को भेजी गई एक अन्य कहानी भी छपी है। उन्होने इस विषय मे जहागीर बादशाह की तुजक की एक कहानी दी है, जिसका सार इस प्रकार है—

"गर्मी का समय था। एक बादशाह एक बाग में पहुँचा और वहाँ के बूढे बागवान से उसने अनार का रस लाने के लिए कहा। बागवान ने अपनी लडकी को रस लाने के लिए इशारा किया और थोडी ही देर में वह अनार के रस का एक प्याला लेकर लौट आई। बादशाह ने रस पीया और बूढे से उस बाग के लगान के सम्बन्ध मे पूछताछ की। बूढे ने उत्तर दिया कि बाग का लगान नही लगता, वह तो सिर्फ खेत का लगता है। इतना सुन कर बादशाह ने अपने मन मे निश्चय किया कि वह बागो पर भी लगान लगा कर अपने खजाने की आमदनी बढावेगा। इसके बाद बादशाह ने फिर एक प्याला अनार का रस मँगवाया। बागवान ने फिर अपनी लडकी की ओर इशारा किया और वह कुछ देर लगा कर रस लाई। इस पर बादशाह ने पूछा कि इस बार देर भी लगी और रस भी कम आया है। इसका क्या कारण है? लडकी ने प्रकट किया कि पहली बार तो एक अनार के रस से ही प्याला भर गया था और इस बार तो पाच-छे अनार निचोडने पर भी थोडा हो रस निकला है। इस पर बादशाह चकित हो गया। बढे बागवान ने प्रकट किया कि बादशाहो की नीयत से बरकत होती है। तुम बादशाह मालूम होते हो। पहिले तुम्हारी नीयत अच्छी थी। अब वह अच्छी

नहीं रही, अतः रस कम निकला है। इतना सुन कर बादशाह गंभीर हो गया और उसने बूढ़े के कथन की सत्यता अनुभव की। फिर उसने बागों पर लगान लगाने का विचार मन से हटा दिया और एक प्याला अनार का रस और माँगा। इस बार लड़की जल्दी ही रस का प्याला भर कर ले आई। इसे देख कर बादशाह ने बागवान के कथन को सर्वथा प्रमाणित मान लिया और नेकनीयत से शासन-कार्य चलाने का संकल्प करके बाग से लौट आया।"

यह कथानक अत्यंत प्राचीन है। जातकों में भी यही कहानी प्राप्त है। राजोवाद जातक में एक राजा वन में जाता है। वहां उसे एक साधु मधुर फल खाने को देता है और प्रकट करता है कि उन फलों की मधुरता का कारण राजा का धर्माचरण है। राजा अपना भेद बताये बिना ही राजधानी में लौट आता है और धर्माचरण में प्रवृत्त होता है। इसके बाद वह फिर वन में साधु के पास जाता है। साधु उसे फल देता है परन्तु अब वह खारा लगता है। इस पर राजा अपना रूप प्रकट करता है और सारतत्व हृदयगम करके धर्माचरण में लीन होता है।

जातक कथा की गाथाएँ इस प्रकार हैं—

गवच तरमानानं जिह्मं गच्छति पुङ्गवो।
सब्बा गावी जिह्मं यन्ति नेते जिह्मं गते सति॥ १
एवमेव मनुस्सेसु यो होति सेट्ठसम्मतो।
सोचे अधम्मं चरति पगेव इतरा पजा।
सब्ब रट्ठ दुक्खं सेति राजा चे होति अधम्मिको॥ २
गव च तरमानान उजु गच्छति पुङ्गवो।
सब्बा गावी उजु यन्ति नेत्ते उजगते सति॥ ३
एवमेव मनुस्सेसु यो होति सेट्ठसम्मतो।
सो चेपि धम्म चरति पगेव इतरा पजा।
सब्ब रट्ठ सुखं सेति राजा चे होति धम्मिको॥ ४

इस कहानी में मानव समाज की उन्नति का स्थिर तत्व समाया हुआ है। शासन-सूत्र धारण करने वाले अधिकारियों के आचरण के अनुसार ही कोई राष्ट्र उन्नत अथवा अवनत होता है। महर्षि वेदव्यास ने यही तत्व इस प्रकार प्रकट किया है—

कालो वा कारण राज्ञो, राजा वा काल कारणम्।
इति ते संशयो मा, भूद्राजा कालस्य कारणम्॥
(महाभारत, शा प. ६९/६)

३–अंधा पारखी

किसी नगर में एक अंधा आदमी भटकता हुआ आ पहुँचा परन्तु यहाँ भी उसे कोई आश्रय नहीं मिला। उसे एक सईस ने देखा और दया करके उसे राजा की घुड़साल में घोड़ों की लीद उठाने के काम पर रखवा दिया। इस काम के लिए अंधे को कोई वेतन नहीं मिलता था। उसे सुबह और शाम खाने के लिए बाजरे की दो रोटियाँ दी जाती थीं। यही उसका वेतन था।

कुछ दिनों के बाद उस नगर में घोड़ों का सौदागर आया और वहाँ के राजा ने उसका एक घोड़ा विशेष रूप से पसंद किया। उस घोड़े का मोल बीस हजार रुपये ठहराया गया और राजा यह धन-राशि घोड़े के बदले में देने के लिए तैयार हो गया। यह खबर उस अंधे के भी कानों में पड़ी तो उसने सईस से कहा कि उसे भी उस घोड़े की जाँच करने का मौका दिया जाना चाहिए। परन्तु उसकी बात हँसी में उड़ादी गई। अंधे ने यही बात अन्य लोगों के सामने भी प्रकट की। अंत में राजा ने उसे घोड़े की जाँच करने के लिए बुलवा लिया। अंधे ने घोड़े के शरीर पर अपना हाथ फिरा कर कहा कि यह घोड़ा तो सौ रुपए का भी नहीं है। उसे तो चने की भीगी हुई दाल खिला कर मोटा कर दिया गया है। इतना सुनते ही राजा का ध्यान भी अंधे की बात पर जमा और सौदागर को सही चीज प्रकट करने के लिए दबाया गया। उसने कहा कि अंधा ठीक कहता है और उसे क्षमा किया जावे। सौदागर अपने घोड़े लेकर उस नगर से चला गया। राजा ने अंधे का वेतन पूछा तो वही चीज बतला दी गई। इस पर राजा ने आदेश दिया कि उसे प्रति दिन दो मुट्ठी भुगड़े (भुने हुए चने) और दिये जावें। यही उसका इनाम था।

कुछ दिनों के बाद उस नगर के राजकुमार की सगाई की चर्चा चली और उसकी होने वाली वधू का देखन के लिए राजपुरोहित तथा मंत्री आदि लोग भेजे जाने वाले थे। राजकुमार ने प्रस्ताव किया कि उनके साथ उस अंधे को भी भेजा जाय जिसने घोड़े की जाँच की थी। पहिले तो उसकी बात टाल दी गई परन्तु अंत में वह अड़ गया तो अंधे को भी जाने के लिए मना लिया गया और वे लोग चल पड़े।

अमुक नगर में पहुँचने पर यथा समय उन्हें राजकुमारी दिखला दी गई। उस समय वहीं वह अंधा भी बैठा था। सब ने अपने नगर में लौट कर राजकुमारी की अत्यन्त सराहना की। अंत में राजकुमार ने उस अंधे को एकांत में बुला कर उसकी राय पूछी। अंधे ने निवेदन किया कि वह राजकुमारी उनके योग्य नहीं है क्योंकि वह नाई की संतान है। राजकुमार ने पूछ ताछ से इस बात का पता लगवाया तो अंधे का कथन सत्य प्रमाणित हुआ। यह संबंध नहीं हो सका और अब वह अंधा राजकुमार के पास रख लिया गया।

एक दिन राजकुमार ने अंधे से उसके ज्ञान के बारे में चर्चा की। अंधे ने निवेदन किया कि उसके पास कोई विशेष ज्ञान नहीं है। किसी भी बात पर ध्यान देने से उसकी तह तक पहुँचा जा सकता है। उसने घोड़े की जाँच उसके शरीर पर हाथ फिरा कर की थी। इसी प्रकार उसने राजकुमारी की जाँच भी उसके [illegible] से की था। वह दातन करती हुई इसके [illegible] थी। इसी से उसने अनुमान लगा लिया। इसके बाद अंधे ने निवेदन किया कि उसे आदेश दिया जाय तो वह और भी कुछ बतला सकता है। राजकुमार ने [illegible] किया [illegible] अंधे ने कहा कि यहाँ का राजा अमुक की संतान है जिसने घोड़े की जाँच करने पर दो मुट्ठी चने की देन दी। परन्तु यह राजकुमार अपने पिता को [illegible] मानता है [illegible]। राजकुमार ने अंधे की इस बात की भी जाँच [illegible] तो वह सही निकली। [illegible] राजकुमार ठीक [illegible] [illegible]।"

इस लोक कथा के साथ मिलान करने के लिए 'सुप्पारक जातक' की कहानी संक्षिप्त रूप मे प्रस्तुत की जाती है—

"भरूकच्छ नगर में सूर्पारककुमार नौका द्वारा समुद्र पार के देशो के साथ व्यापार करने वाले समाज के मुखिया थे। वे पण्डित एवं ज्ञानवान थे। किसी समय लवण जल से उनकी दोनों आँखें चली गईं और वे निर्यामक कार्य छोड कर राजा की सेवा में आ गये। राजा ने उनको वस्तुओं का मूल्य-निर्धारण करने का काम दिया।

एक बार लोग राजा के पास मगलहस्ती के रूप में बेचने के लिए एक हाथी लाये। राजा ने वह हाथी सूर्पारककुमार के पास जाँच करने के लिए भेजा। उन्होंने हाथी को हाथ से टटोल कर देखा और फिर उसका दोष प्रकट कर दिया जो सच्चा निकला। इस पर राजा ने प्रसन्न होकर उनको आठ कर्षापण प्रदान किये। इसी प्रकार उन्होने बारी-बारी से मगल-अश्व, मगल-रथ, एव बहुमूल्य कम्बल की जाँच करके उन सबके दोष प्रकट कर दिये और उनका कथन सत्य सिद्ध हुआ। प्रत्येक जाँच की सत्यता से प्रसन्न होकर राजा ने उनको आठ कर्षापण ही दिये। इससे उन्होने सोचा कि इस राजा का देना तो एक नाई के देने के समान है, अतः यह नाई की सतान हो सकता है। तदनन्तर उन्होंने राजा की सेवा छोडदी और अपने नगर में ही लौट आये।

इस समय कुछ व्यापारी नौका तैयार करके समुद्र पार व्यापार के लिए जाने को तैयार थे। उन्होंने अनुरोध करके सूर्पारककुमार को ही अन्धा होने पर भी नाव का प्रधान बनाया और उनको साथ लेकर समुद्र-यात्रा के लिए चल पडे। आगे एक विशेष समुद्र आया। व्यापारियों ने सूर्पारककुमार को इसका हाल सुनाया जिससे उन्होंने बतला दिया कि वह क्षुरमाली समुद्र है। परन्तु उस समुद्र से हीरा उत्पन्न होता था, अतः डर था कि उसका गुण प्रकट कर दिया जायेगा तो व्यापारी इतना बोझ नाव में भर लेंगे कि वह डूब जायेगी। सूर्पारककुमार ने कम कीमत की कुछ वस्तुऐं समुद्र मे डाल दी और जाल द्वारा हीरे नाव में डलवा लिए। इसी प्रकार आगे चल कर अग्निमाली, दधिमाली, कुशमाली एव नलमाली समुद्रो मे से उन्होंने क्रमशः सोना, चाँदी, नीलमणि एवं वैदूर्य प्राप्त किये।

अंत मे उनकी नौका 'वडवामुख' समुद्र मे जा फँसी और सब लोग घबरा गये क्योंकि यह समुद्र अत्यत भयकर था। अब सूर्पारककुमार ने 'सत्यक्रिया' के द्वारा उस समुद्र मे से नौका को निकाला और सकुशल घर लौट आये। उन्होंने व्यापारियो को साथ मे लाये हुए रत्न बाँट कर दे दिये और जीवन भर दान-पुण्य करके अंत मे वे देवलोक को गये।"

राजस्थानी लोक कथा एव जातक कथा दोनो के प्रधान पात्र अधे हैं तथा प्रज्ञावान हैं। वे वस्तुओं की जाँच करने मे बड़े कुशल हैं। लोक कथा का नायक तीन बार जाँच करता है और जातक कथा में जाँच के कई अवसर आते हैं। दोनो कथाओं के नायकों को राजा के यहाँ से उचित सम्मान नही मिलता। लोक कथा का नायक उसे भड़भूजा मानता है और जातक कथा मे उसे नाई बतलाया जाता है। लोक कथा मे अधे पारखी के गुणों की कद्र राजकुमार करता है। जातक कथा मे उसके स्थान पर समुद्र पार जाने वाले व्यापारी लोग है। इस प्रकार ये दोनों कथाऐं मूल रूप मे अभिन्न हैं; फिर भी लोक कथा के अधे मे और जातक कथा

के नायक मे सामाजिक दृष्टि से बडा अन्तर है। पहला दर-दर भटकता है और आश्रयहीन है, जब कि दूसरा व्यापारी समाज का मुखिया है। परन्तु इस अंतर का कारण है। उसे बोधिसत्व के रूप मे प्रकट किया गया है, अत: तदनुसार ही उसका वातावरण चित्रित किया जाना आवश्यक था। ऐसा किये जाने से कथा मे प्रभावोत्पादक की विशेष वृद्धि हुई है, जैसा कि बोधिसत्व सत्यक्रिया से प्रकट होता है—

यतो सरामि अत्तान यतो पत्तोस्मि विञ्जुतं।
नाभिजानामि सचिच्च एकपाणम्हि हिंसितं।
एतेन सच्चवज्जेन सोत्थि नावा निवत्ततू ति॥

४–मरता की किसी नोबत घुरें

राजस्थान मे एक कहावत प्रचलित है—'मरता की किसी नोबत घुरें' अर्थात् मरते समय कोई नोबत थोडे ही बजती है ? इस कहावत की कहानी नीचे दी जाती है—

"किसी मदिर मे एक साधु रहता था, जिसके अनेक शिष्य थे। साधु पुण्यशील था। वह अपने शिष्यो को कई बार समझा कर कहा करता था कि जब वह शरीर छोडेगा तो मदिर मे पडी हुई नोबत किसी के बजाये बिना अपने आप ही बजने लग जाएगी।

कालातर मे साधु बीमार पडा और मर गया परन्तु नोबत नही बजी। अब उसके शरीर का क्या किया जावे ? शिष्यो ने मिल कर निश्चय किया कि गुरुजी का शरीर तेल की कढाई मे डाल कर छोड दिया जावे और नोबत बजने की प्रतीक्षा की जावे क्योकि उनका आदेश ऐसा ही था। वह कभी टल नही सकता। ऐसा ही किया गया। साधु का शरीर तेल म डाल कर छोड दिया गया और शिष्य वही पहरा देने लगे।

कुछ समय बाद उधर एक अन्य साधु आ निकला। उसने मदिर मे प्रवेश किया और वहा का वृत्तात उसके सामने आया। यह साधु भी पुण्यशील था। उसने सोचा कि मरने वाले साधु के कथन म सत्यता अवश्य है। उसने इधर-उधर नजर दौडाई तो देखा कि मदिर के पास ही एक झाडी खडी है जिसका एक बेर अत्यन्त आकर्षक है। साधु ने उस बेर को झाडी से अलग किया और फिर उस फल को तोडा। उसमे एक कीडा पडा हुआ था। यही उस मन्दिर का साधु था। मरते समय साधु का मन इस बेर के फल पर चला गया था, अतः वह मुक्त नही हुआ और उसम कीडा बन गया। आगन्तुक साधु ने उस कीडे की ओर देखा और उसे नीचे डाला। इधर कीडे ने प्राण त्याग किया और उधर अपने आप ही मन्दिर की नोबत जोर से बज उठी। गुरुजी का कथन सत्य सिद्ध हुआ। उनका दाह-संस्कार कर दिया गया।"

इस साधु कथा के साथ 'अस्सक जातक' की कहानी की तुलना करनी चाहिए जिसका संक्षिप्त रूप इस प्रकार है—

"प्राचीन समय मे काशी राष्ट्र के 'पोतली' नामक नगर म 'अस्सक' नाम का राजा राज्य करता था। उसकी पटरानी का नाम 'उब्बरी' था, जो अत्यन्त रूपवती थी। राजा उस से बहुत प्रेम करता था। समय पाकर रानी की मृत्यु हो गई। इससे राजा शोकाभिभूत हो

गया और उसने मोहवश रानी का दाह-संस्कार न करवा कर उसे तेल की कढ़ाई में डलवा दिया और उसको अपने पलंग के नीचे रखवा लिया। आत्मीय-जनों ने राजा को बहुत ही समझाया परन्तु उसने किसी की बात नहीं मानी और इस प्रकार सात दिन निकल गये।

उस समय बोधिसत्व हिमवन्त प्रदेश में विचरण करते थे। उन्होंने दिव्य चक्षु से 'अस्सक' राजा का वृत्तान्त ज्ञात किया और आकाश मार्ग से उड़ कर राजा के बाग में जा उतरे। वहाँ से उन्होंने राजा को खबर करवाई कि वे उसको रानी का नया जन्म-स्थान बतला सकते हैं और उसके साथ बातचीत भी करवा सकते हैं। मृतक रानी के प्रेम में पागल राजा तत्काल उनके पास बाग में आ पहुँचा। बोधिसत्व ने उसे समझाया कि रानी अपने रूप के ही गर्व में रही और उसने कोई *पुण्य कर्म नहीं किया। इस समय वह उसी बाग में* गोबर के कीड़े की योनि में है। राजा इस पर विश्वास करने के लिए तैयार नहीं था। इतने में ही गोबर के दो पिंड उधर लुढ़कते हुए आये। बोधिसत्व ने राजा से कहा कि उब्बरी रानी गोबर के कीड़े के पीछे पीछे चली आ रही है। इसके बाद उब्बरी रानी के मुँह से उसका पूर्व जन्म का वृत्तान्त एवं वर्तमान जन्म का हाल प्रकट करवा दिया गया। अंत में वह बोली कि राजा अस्सक से अब उसका कोई सम्बंध नहीं है। इस समय तो वह राजा को मार कर उसके रक्त से अपने कीड़े के पैर धोने के लिए भी तैयार है। इतना सुनकर राजा को ज्ञान आया। उसने उब्बरी के मृतक शरीर को हटवाया और दूसरी पटरानी बनाकर धर्मपूर्वक राज्य करने लगा।"

साधारण तौर पर देखने से ये दोनों कथाएँ अलग-अलग विदित होती हैं परन्तु इनकी मूल-वेदना समान ही है। लोक कथा में साधु और उसके शिष्य हैं। जातक कथा में उनके स्थान पर रानी और राजा हैं। एक कथा में गुरु-शिष्य का संबंध है और दूसरी में पति-पत्नी का संबंध है। लोक कथा के शिष्य मोहग्रस्त नहीं हैं परन्तु वे अपने गुरुजी के वचन पर दृढ़ हैं। मृतक की देह दोनों कथाओं में ही सुरक्षित रखवाई जाती है। इसी प्रकार दोनों ही कथाओं में कीड़े की चर्चा है। लोक कथा का नवागन्तुक साधु ही जातक कथा में बोधिसत्व के रूप में प्रकट हुआ है। इन दोनों में कोई असमानता नहीं है। जातक कथा में उसके गुणों को प्रसंगानुसार विशेष रूप में प्रदर्शित किया गया है जैसा कि उसे बोधिसत्व के रूप में चित्रित किये जाने के लिए आवश्यक भी था। लोक कथा में जीव की मृत्यु के समय की भावना पर जोर दिया गया है और जातक कथा में सांसारिक सम्बन्धों की अनित्यता पर प्रकाश डाला गया है, परन्तु मूल रूप में ये दोनों एक ही हैं।

५-धन की गर्मी

जब कोई छोटा आदमी बड़ी-बड़ी बातें बनाता है और उसके पीछे कोई परोक्ष ताकत रहती है तो राजस्थान में ऐसे प्रसंग पर एक कहावत का प्रयोग किया जाता है— ढेढ़ाणी के बोलें है, चरू बोलें है' अर्थात् चमार की स्त्री क्या बोल रही है, धन से भरा हुआ बर्तन बोल रहा है। इस कहावत की कहानी इस प्रकार कही जाती है—

"*किसी गाँव के ठाकुर की ठकुरानी और वहीं के चमार की स्त्री एक ही गाँव से विवाही आई थीं।* एक दिन चमार की स्त्री किसी काम से गढ़ में गई। वहाँ ठकुरानी ने उसे दया

तो पहचान लिया कि यह तो उसके पीहर के गांव की ही लड़की है। उसके हृदय मे पीहर का मोह जाग उठा और उसने चमारी को अपनी दासी भेज कर डयोढ़ी मे बुलवाया तथा कुशल-वृत्तान्त पूछा। इससे चमारी फूली न समाई। आज गांव की ठकुरानी से उसने बातचीत करली और उसने प्रेम प्रकट किया। उसके आनन्द का कोई पार न था। वह बड़े ही गर्व के साथ अपने घर आई।

कुछ दिनो बाद चमारी फिर गढ मे गई और उसने अपनी उपस्थिति का संवाद भीतर महल में भिजवाया। ठकुरानी को फिर पीहर की याद आई और उसने चमारी को डयोढ़ी मे बुलवा लिया। चमारी डयोढ़ी मे खड़ी हो गई और ठकुरानी भीतर बैठ गई। चमारी से फिर कुशल-वार्ता पूछी गई। उसने उत्तर दिया कि और तो उसे कोई कष्ट नहीं है मगर एक बात की उसे तकलीफ जरूर है। वह बात यही थी कि उसके लड़के ने हठ कर रखा था कि वह भी राजा के पुत्रों के समान ही कपड़े पहिनेगा। मगर चमारी के घर में ऐसे वस्त्र कहाँ थे? यह समस्या सुन कर ठकुरानी पहिले तो कुछ मुस्कराई, फिर उसने अपने पुत्रों के छोड़े हुए वस्त्र मँगवा कर चमारी को दे दिये। चमारी अत्यंत प्रसन्नतापूर्वक उन्हे लेकर घर आ गई।

कुछ दिनो के बाद चमारी फिर गढ़ मे गई। इस बार वह स्वयं डयोढी मे जाकर बैठ गई और भीतर खबर करवाई। ठकुरानी खबर सुन.कर वहीं आ गई और एक पीढ़े पर बैठ गई। फिर कुशल समाचार पूछा गया। इस बार चमारी ने प्रकट किया कि उसका लड़का राजकुमारों जैसे गहने पहिनने के लिए हठ पकड़े हुए है। ठकुरानी यह हाल सुन कर कुछ हँसी परन्तु उसने अपने यहाँ से एक दो जेवर मंगवा कर चमारी को दे दिये। चमारी गहने लेकर आनन्द के साथ अपने घर लौट आई।

कुछ दिनो बाद चमारी फिर गढ मे गई। इस बार वह डयोढ़ी मे जाकर वहाँ एक पीढ़े पर बैठ गई और अपने आने की खबर भीतर भिजवाई। ठकुरानी आई। उसके सामने एक दूसरे पीढ़े पर बैठ गई। फिर कुशल-वार्ता प्रारम्भ हुई। इस बार चमारी ने एक विकट समस्या सुनाई। वह बोली कि उसका लड़का जिद्द किए हुए है कि वह तो गाँव के ठाकुर की बेटी से ब्याह करेगा। इतना सुनते ही ठकुरानी चुप हो गयी और तत्काल वहाँ से उठ कर भीतर चली गई। कुछ समय बाद चमारी भी उठ कर अपने घर आ गई। थोड़े दिनो बाद वह फिर गढ़ मे गई और ठकुरानी से उसी स्थान पर मिली। उसने फिर संबंध करने की बात प्रकट की। ठकुरानी को इस बार बड़ा क्रोध आया और वह उठ कर महल मे चली गई। चमारी भी अपने घर लौट आई।

आज ठकुरानी का क्रोध नहीं मिटा। उसने सारा समाचार ठाकुर के सामने प्रकट किया। उसे भी बड़ा क्रोध आया, परन्तु वह समझदार था, अत शांत रहा और ठकुरानी को धीरज दिया। कुछ समय बाद ठाकुर उस जगह आया जहाँ चमारी बैठ कर बातचीत किया करती थी। ठाकुर ने उस स्थान को खुदवाया तो वहाँ सोने की मोहरों से भरा हुआ पात्र निकला। उस पात्र को डयोढ़ी मे एक जगह रखवा दिया गया और ठकुरानी को वहाँ बुलवाया गया। ठाकुर ने उसे दिखलाते हुए अपनी पत्नी से कहा—'देखणो के बाले हो, दा

चरू बोलें हीं'। सब रहस्य ठकुरानी के समझ मे आ गया। चरू भीतर खजाने मे भिजवा दी गई और ड्योढ़ी को फिर से ठीक करवा दिया गया।

अगले दिन ठकुरानी ने चमारी को दासी भेज कर गढ में बुलवाया और उसी स्थान पर विठाया जहाँ वह पहिले बातचीत करने के समय बैठा करती थी। ठकुरानी ने चमारी से कहा कि उस दिन उसने सम्बन्ध करने की जो बात कही थी वह पक्की हो गई है और वह इसके लिए तैयार है। इतना सुनते ही चमारी घबराई और उसने हाथ जोड कर निवेदन किया कि उसके मुंह से ऐसी बात निकल ही नही सकती। वह तो ठकुरानी के पैरो की जूतियों की भी बराबरी नही कर सकती। ऐसा सुन कर ठकुरानी ने और भी पक्का विश्वास कर लिया कि असल मे तो जो कुछ पहिले उस चमारी ने कहा था वह सब उस धन-पात्र के प्रभाव से ही कहा गया था।"

इस लोक कथा मे धन की गर्मी का प्रभाव प्रकट किया गया है। पचतंत्र की एक कथा का चूहा अपने धन की ताकत से काफी ऊँचा उछलता है परन्तु जब उसका बिल खोद कर धन निकाल लिया जाता है तो वह अशक्त हो जाता है। वह धन चूहे का अपना था अत यह कथा उससे मेल नही खाती। एतदर्थ 'नन्द जातक' की कहानी द्रष्टव्य है। उसमे एक सेठ मरते समय काफी धन जोड कर जाता है। उसका लडका छोटा है। यह सारा धन एक जगह गाड दिया जाता है और वह स्थान एक पक्के स्वामिभक्त सेवक को बतला दिया जाता है। जब सेठ का लडका बडा होता है तो सेवक उसे उस स्थान पर ले जाता है जहाँ धन गडा हुआ है। वहाँ पहुँचते ही सेवक बुरी तरह बकना आरम्भ कर देता है। सेठ का लडका इस व्यवहार से चकित होता है। वह स्थान छोडने पर सेवक प्रकृतिस्थ हो जाता है, ऐसा कई बार होता है। जब कभी सेवक उस स्थान पर जाता है वह बकता रहता है। अत मे सेठ का लडका समझ जाता है और उस स्थान पर खुदाई करवाता है तो उसे काफी धन प्राप्त होता है। इसी धन के प्रभाव से सेवक का दिमाग गर्म हो जाया करता था। जातक कथा की गाथा इस प्रकार है

मञ्ञे सोवण्णयोरासि सोवण्णमाला च नन्दको।
यत्थ दासो आमजातो ठितो थुल्लानि गज्जति॥

ध्यान रखना चाहिए कि जातक कथा के सेवक को जमीन में गडे हुए धन का परिचय है, अत उसका बडबडाना किसी अश मे स्वाभाविक ठहराया जा सकता है। परन्तु राजस्थानी लोक कथा की चमारी का तो इसका भान भी नही कि ड्योढ़ी मे उसके बैठने के स्थान के नीचे धन-पात्र गडा हुआ है। फिर भी वह विचित्र व्यवहार करने लगती है। यह इस कहानी के प्रभाव का और भी अधिक बढ़ाने की दृष्टि से हुआ है। राजस्थानी लोक कथा मे यहाँ का वातावरण स्वाभाविक रूप मे प्रकट हुआ है, परन्तु इसका मूलतत्व जातक कथा से भिन्न नहीं है, यहाँ तक कि इसकी कहावत भी किसी अश मे प्राचीन गाथा से मेल खाती है।

राजस्थानी-लोक-विश्वास के अनुसार अलग-अलग स्थानों की धरती का अलग-अलग प्रभाव माना जाता है। किसी जगह धरती का ऐसा प्रभाव रहता है कि वहाँ पैदा होने

वाला व्यक्ति स्वभाव से बिलकुल कायर होने पर भी आश्चर्यजनक रूप से शौर्य प्रदर्शन करता है और किसी जगह की धरती के प्रभाव से नामी वीर भी कायरता को धारण कर लेता है। धरती के ऐसे प्रभाव के पीछे स्थानीय जनश्रुति भी रहती है। इस लोक कथा के मूल मे किसी अश मे वह तत्व भी काम कर रहा है।

६—लेणा एक न देणा दोय

राजस्थानी कहावत 'लेणा एक न देणा दोय' की कहानी इस प्रकार कही जाती है।—

"नदी के किनारे एक वन था। एक कठियारा वहाँ लकडी काटने के लिए जाया करता था। यही उसकी आजीविका थी। कठियारा प्रात काल वन मे जाता और दोपहर का भोजन साथ ले जाता। दोपहर का अपना काम करके वह नदी के किनारे बैठ कर भोजन करता और उसका बचा हुआ अश वही डाल देता। वहाँ एक मेढक रहता था। वह बचे हुए भोजन को खाकर प्रसन्न होता। इस प्रकार उन दोनो मे मित्र-भाव हो गया।

एक बार मेढक ने अपने मन मे सोचा—तेरा मित्र कठियारा तुझे प्रति दिन भोजन करवाता है। इसलिए तेरी तरफ से भी उसको कुछ भेंट मिलनी चाहिए। ऐसा सोच कर वह पानी में गया और वहाँ से एक अमूल्य मोती तलाश कर के लाया। यह मोती उसने कठियारे को मित्र की निशानी के रूप मे भेंट किया। कठियारा उस मोती को लेकर अपने घर आ गया। घर आकर उसने विचार किया कि वह मोती उसके लिए शोभाजनक नही है। यदि उसे नगर के राजा को भेंट कर दिया जाये तो उसे राजा की कृपा प्राप्त हो सकती है जिससे उसे लाभ होने की पूरी सभावना है। इस निश्चय के अनुसार कठियारे ने वह मोती अगले दिन राजा को भेंट कर दिया। राजा मोती को पाकर बडा प्रसन्न हुआ।

राजा ने वह मोती अपनी रानी को दिया, परन्तु वह तो एक ही था। रानी ने कर्ण-भूषण बनवाने के लिए उसी आकार का दूसरा मोती और चाहा। इस पर कठियारे को बुलवाया गया और रानी की इच्छा उसे बतलादी गई। कठियारे के पास दूसरा मोती कहाँ था? उसने मोती के आने का वृत्तान्त राजा को कह सुनाया। कठियारे को समझाया गया कि वह दूसरा मोती भी अपने मेढक मित्र से ही प्राप्त करे।

अगले दिन कठियारा वन मे गया। समय पर उसने भोजन किया। मेढक वहाँ आया। आज कठियारा उदास था। मेढक ने उसकी उदासी का कारण पूछा तो उसने सब कुछ प्रकट कर दिया। उसकी बात सुन कर मेढक को बडा खेद हुआ कि वह कठियारा अपने मित्र की निशानी भी अपने पास नहीं रख सका और अब वह दूसरा मोती और मागता है, अतः यह मित्र बनाने योग्य नहीं है। इससे तो पहले दिया हुआ मोती भी वापिस लेना चाहिए। मेढक बोला— मित्र, मेरे लिए दूसरा मोती लाना कठिन नहीं है परन्तु जल मे अगणित मोती पडे हैं। रानी के कर्णभूषण के लिए समान आकार के दो मोती चाहिएं। मुझे पहिले वाला मोती लाकर दिया जाय तो मैं उसकी जोडी का दूसरा मोती भी देख कर ला सकता हूँ। कठियारे को मेढक का कथन सत्य प्रतीत हुआ। उसने अगले दिन राजा से यही बात कह दी। पहिला मोती रानी के पास से मंगवा कर कठियारे को दे दिया गया। वह उसे

लेकर अगले दिन वन मे गया। समय पर उसका मित्र मेढक पानी मे से निकल कर उसके पास आया। उसे मोती सौंप दिया गया। मोती को लेकर मेढक पानी में डुबकी लगा गया।

काफी समय बीत चला मगर मेढक लौट कर नही आया। कठियारा नदी के किनारे साझ पडे तक प्रतीक्षा मे बैठा रहा। अत मे मेढक ऊपर आया और नदी-जल में से ही कठियारे से बोला—'आखर राम करै सो होय, लखा एक न देखा दोय।'

इस लोक कथा के विविध रूपान्तर हैं। एक रूपान्तर मे यह कथा नदी के किनारे रहने वाले सर्प और मेढक के बारे मे कही जाती है। एक दिन सर्प मेढक को पकड लेता है और वह कीमती रत्न लाकर देने का वचन देकर उसकी पकड से बचता है। तदनुसार मेढक रत्न लाकर सर्प को देता है और उसकी स्त्री उसी की जोडी का दूसरा रत्न और पाने के लिए हठ करती है। फिर ऊपर दिए गए तरीके से ही मेढक उस रत्न को वापिस प्राप्त कर लेता है। इस कथा के अन्य रूपान्तर मे एक कछुआ एक तलैया मे रहता है। जब वहां का पानी सूख जाता है तो कछुए को अन्य जानवर आ घेरते हैं और वह प्राण बचाने की चेष्टा करता है।

इसी समय उधर से एक हस उडता हुआ निकलता है और वह कछुए पर दया करता है। हस उसे अपने पजो से पकड कर उठा लेता है और समुद्र के किनारे लाकर छोड देता है। कछुआ अब पूर्णतया सुरक्षित है। वह अपने प्राण-रक्षक हस को कहता है कि जब कभी उस पर विपत्ति पड तो उसे याद किया जावे। इतने मे ही एक बहेलिया हस पर जाल डाल देता है। कछुए के सामने उपकार का बदला चुकाने का अवसर इतनी जल्दी आ गया। वह बहेलिये से कहता है—अरे, इस हस को छोड। इसे बेच कर तुझे क्या मिलेगा। मैं तुझे अभी समुद्र मे से अनमोल रत्न लाकर देता हूँ जिससे तू जन्म भर सुख मे रह सकेगा। इतना कह कर वह समुद्र मे डुबकी लगा जाता है और शीघ्र ही एक रत्न लाकर बहेलिये को देता है। बहेलिया रत्न लेकर लोभ करता है और कहता है—मुझे इस प्रकार के दो रत्न देगा तब हस को छोड़ूगा।' कछुआ उत्तर देता है—मेरे लिए दूसरा रत्न लाना क्या कठिन है! तू इस हस को छोड और यह रत्न मुझे दे जिससे कि इसी के समान खोज कर दूसरा रत्न और ले आऊ। बहेलिया मूर्खतावश उसकी बात मे आ जाता है। वह हस को छोड देता है और रत्न कछुए को दे देता है। हस उड जाता है और कछुआ पानी मे चला जाता है। बहेलिया उसके आने की प्रतीक्षा करता है। कुछ देर बाद कछुआ पानी के ऊपर आकर कहता है—लेखा एक न देखा दोय। अब बहेलिया अपनी मूर्खता पर पछताता है और घर चला जाता है।"

इस लोक कथा के प्रथम रूपान्तर को ध्यान मे रखते हुए मणिकंठ' जातक की कहानी पर विचार करना उचित है जो संक्षिप्त रूप मे इस प्रकार है—

"बोधिसत्व ने एक अत्यत धनी कुल मे जन्म लिया। उनके एक छोटा भाई और भी था। जब वे बडे हुए तो उन दोनो को ही वैराग्य हो गया और वे गगा-तट पर अलग-अलग कुटिया बना कर रहने लगे। एक दिन मणिकठ नामक नाग गगा मे से निकला और ब्रह्मचारी के रूप मे छोटे भाई की कुटिया मे पहुँचा। तपस्वी का उससे प्रेम हो गया और वह नियम से

प्रति दिन आने लगा। परन्तु जब वह लौट कर गंगा मे जाता तो नाग रूप धारण करके तपस्वी से लिपटता और फन फैला कर प्रेम प्रकट करता। यह स्थिति बडी भयप्रद थी। इससे वह धीरे-धीरे कृश होने लगा और अत में अत्यंत दुर्बल हो गया।

एक दिन बड़े भाई ने तपस्वी की दुर्बलता का कारण पूछा तो उसने सब कुछ साफ-साफ प्रकट कर दिया। बडे भाई ने उसे उपाय बतलाते हुए कहा—कल जब नाग आवे तो उसके बैठने से पहिले ही उससे मणि मांगना, वह अपने आप चला जायेगा। अगले दिन कुटिया के द्वार पर उससे मणि मांगना, वह फिर चला जायेगा। इसके बाद गंगा तट पर जाकर उससे जल मे से निकलते ही मणि मांगना जिससे वह जल से बाहर ही नही आयेगा। छोटे भाई ने आगे तीन दिन तक इसी प्रकार नाग से मणि मांगी। वह मणि न देकर अपने आप ही लौट गया और फिर कभी उसके आश्रम मे न आने को कह गया। इस प्रकार तपस्वी का उस भयकर मित्र से पिंड छूटा। अब वह स्वस्थ और प्रसन्न था। बडे भाई ने उसे समझाया—अति याचना करने वाले के प्रति प्रेम नही रहता। रत्नो से भरे-पूरे नाग-भवन मे रहने वाले नागो को भी याचना अच्छी नही लगती।"

लोक कथा और जातक कथा आपस मे बहुत ही कम मिलती हैं। लोक कथा के दूसरे और तीसरे रूपान्तरो मे तो क्रमशः मेढक और कछुए की चालाकी प्रकट होती है परन्तु प्रथम रूपान्तर मे मेढक कठियारे का मित्र है और वह प्रेम-भेंट के रूप मे उसे मोती देता है। जब कठियारा किसी कारणवश दूसरा मोती और मांगता है तो वह चतुराई से पहला मोती भी वापिस ले लेता है और फिर कभी लौट कर नही आता। कठियारे के हृदय मे लोभ नही है। उसकी याचना के पीछे राजा का दबाव है परन्तु फिर भी उसके मित्र जलचर को उसका मांगना सहन नही होता। उस समय लोक कथा का कठियारा और मेढक जातक कथा के तपस्वी एव नाग का स्मरण करवा देते है।

७—चोरी का धन

वेदब्भ जातक की कथा सक्षिप्त रूप मे इस प्रकार है—

"किसी गाँव मे एक ब्राह्मण रहता था जो वैदर्भ मत्र का ज्ञाता था। नक्षत्र योग होने पर इस मन्त्र के द्वारा आकाश से सप्तरत्नो की वर्षा करवाई जा सकती थी। उस समय बोधिसत्व उस ब्राह्मण के पास शिष्य के रूप मे अध्ययन कर रहे थे।

एक बार वह ब्राह्मण अपने शिष्य को साथ लेकर चेदि राज्य मे गया। मार्ग मे उनको पाच सौ चोरो ने पकड लिया। उन्होने गुरु को अपने पास रख लिया और शिष्य को धन लाने के लिए घर भेज दिया। बोधिसत्व ने जाते समय अपने गुरु को समझाया कि नक्षत्र योग आने वाला है परन्तु कैसा भी कष्ट उठा कर आकाश से रत्न न बरसाये जावे और वे जल्दी ही लौट आयेंगे। चोरो ने गुरु को रस्सा से जकड कर एक जगह डाल दिया। ब्राह्मण के लिए यह यातना असह्य हो उठी। उसने नक्षत्र योग के आते ही आकाश से रत्नो की वर्षा करवा कर चोरो को सतुष्ट कर दिया और मुक्ति पाई।

चोर धन को लेकर आगे चले तो ब्राह्मण भी उनके साथ हो लिया। आगे दूसरे पाच सौ चोर मिले। जब उन्होने धन मांगा तो पहिले वाले चोरो ने ब्राह्मण का गुण प्रकट करके

उसे उनके हवाले कर दिया और स्वय आगे बढ गये। चोरो ने ब्राह्मण से धन माँगा तो उनको कहा गया कि नक्षत्र योग तो पूरे एक साल बाद आयेगा, तब रत्नो की वर्षा करवाई जा सकती है। इसके पहिले कोई उपाय नही है। इस बात पर चोर क्रोधित हुये और ब्राह्मण के तलवार से दो टुकडे कर दिये। तदनन्तर वे आगे जाने वाले चोरो के पीछे दौड़े और उन हजार चोरो मे परस्पर युद्ध हुआ जिसमे दो को छोड करके सभी कट मरे। बचे हुए दोनो चोरो ने धन को उठा लिया और आपस मे बाँट लने का निश्चय किया। तदनुसार वे आगे बढे। अत मे चोर धन के पास बैठा और दूसरा भात पकाने के लिए गया। उन दोनो के मन मे कपट आया। एक ने भात मे विष मिला दिया और दूसरे ने पहिले पर अचानक तलवार से हमला कर दिया। उसकी मृत्यु के बाद वह स्वय विषपूर्ण भात खाते ही मर गया। सारा धन धरा ही रह गया।

बोधिसत्व लौट कर आए तो उन्होने बारी बारी से सारा काण्ड देख कर समझ लिया और मृतको का यथोचित सस्कार करके धन अपने साथ ले आये। उन्होने धन का पुण्य-कार्यो मे प्रयोग किया और अत मे देवलोक को प्राप्त हुए।

इस कथा के दो विभाग किये जा सकते हैं। पूर्वार्द्ध में गुरु की मृत्यु होती है और उत्तरार्द्ध इसके आगे का भाग है। दो चोरो के कपट-व्यवहार की कहानी तो लोकप्रसिद्ध है ही। इस कथा के पूर्वार्द्ध के लिए निम्न राजस्थानी लोक कथा द्रष्टव्य है—

"अपने चेले के साथ भ्रमण करता हुआ एक साधु किसी नगर मे आया। उन्होने एक धर्मशाला मे ठहराव किया। वे भगवान का भजन करते परन्तु भीख माँग कर नही लाते थे। गुरु के पास ऐसी विद्या थी जिससे वह तावे का सोना बना सकता था। यथासमय गुरु थोडे मे तावे का सोना बना लेता और उसी मे वे अपना भरण-पोषण कर लेते। धीरे-धीरे यह खबर नगर मे फैली और अत मे वहाँ के बादशाह के कानो म भी पहुँची। बादशाह ने उन दोनो को अपने सामने बुलवाया और सोना प्राप्त करन का साधन पूछा। गुरु ने स्पष्ट कह दिया कि वह ताम्बे का सोना बनान की विद्या जानता है और अपनी आवश्यकता के अनुसार सोना बना कर अपना और शिष्य का काम चलाता है। बादशाह न इसका प्रमाण मांगा। गुरु तैयार हो गया। बादशाह ने ताम्बे की एक मस्जिद बनवाई और साधु ने उसे अपने प्रयाग से सोने की बनादी। इस पर साधु स सोना बनान की विधि पूछी गई तो उसने कहा—

पेलैं को नोसादर, मर पेलैं को वो।
तामैं को सहूजत, सानैं की हा॥

'वह' चीज क्या थी—इसको साधु ने प्रकट करन स अस्वीकार किया। इस पर शाह ने उन दोनो को कैद मे डाल दिया और भय दिखला कर विधि मालूम करने की चेष्टा की। परन्तु किसी भी हालत मे उसे सफलता नही मिली। अत मे उसे क्रोध आया और गुरु के सामने ही विधि न बतलाने के कारण उसके चले की हत्या करदी गई। फिर भी साधु ने कुछ प्रकट नही किया। उसे कैद म बन्द कर दिया गया।

रात पडने पर बादशाह ने एक निर्धन व्यक्ति का रूप धारण किया और वह साधु की कोठरी के सामने पहुँचा। साधु चुपचाप वहाँ पडा हुआ था। निर्धन व्यक्ति ने उसको

बाहर से ही प्रणाम किया और अपनी गरीबी के कष्टों का रोना रोया। साधु ने उसको दया-पूर्वक ताम्बे का सोना बनाने की विधि बतलादी और घर जाने की आज्ञा दी। अब बादशाह ने अपना रूप प्रकट करके पूछा कि क्या कारण है जो चेले के मारे जाने पर भी विधि प्रकट नहीं की गई, वह उसे आसानी से बतलादी गई ? साधु ने उत्तर दिया—विद्या नम्रता से प्राप्त की जा सकती है। उसे कोई भी बलपूर्वक प्राप्त नहीं कर सकता। यदि यही नम्रता वह पहिले ही दिखलाता तो उसे सोना बनाने की विधि बतलाई जा सकती थी। बादशाह को आज ज्ञान प्राप्त करने का रहस्य प्राप्त हुआ और उसका स्वभाव सर्वथा बदल गया। उसने पैर पकड़ कर साधु से क्षमायाचना की।"

इस लोक कथा के समान ही जातक कथा में भी गुरु शिष्य हैं। जातक कथा के गुरु के पास वेदर्भ-मंत्र है और लोक कथा का गुरु ताम्बे को सोने में बदल देने की विधि का ज्ञाता है। लोक कथा में आगे चल कर शिष्य मारा जाता है परन्तु जातक कथा में गुरु की हत्या होती है। इसका कारण यह है कि शिष्य बोधिसत्व के रूप में प्रकट हुआ है। लोक कथा में चोरों का स्थान बादशाह ने ले रखा है, जिससे इसमें मुस्लिम रंगत झलकने लगी है। इसका उद्देश्य विद्या प्राप्त करने का सहज रहस्य समझाना है। जब कि जातक कथा में अनुचित रूप से धन प्राप्त करने का सहज रहस्य समझना है; जब कि जातक कथा में अनुचित रूप से धन प्राप्त करने का फल प्रकट किया गया है। उसकी गाथा में भी यही तत्व सामने आता है—

अनुपावेन यो अत्थ इच्छति सो विहञ्ञति।
चेता हनिसु वेदब्भ सब्बे ब्यसनमज्झगू 'ति॥

८—जाति स्वभाव

कलण्डुक जातक में एक सेठ की दासी का लड़का भाग कर किसी सुदूर नगर में चला जाता है वहाँ वह अपने को सेठ-परिवार का व्यक्ति प्रकट करता है और कुछ समय बाद व्यापार से सम्पत्तिशाली बन जाता है। इस पर एक अन्य सेठ उसके साथ अपनी पुत्री का विवाह कर देता है। जब नया सेठ अपनी पत्नी के साथ जल-विहार करता है तो मिथ्या ही गर्व से भर उसके मुँह पर पानी के कुल्ले करने लगता है। इससे उसकी पत्नी बड़ी खिन्न होती है। इसी समय उसके पहिले वाले घर से एक तोता उसकी खोज करता हुआ वहाँ आ पहुँचता है और बेचारी स्त्री की खिन्नावस्था देखता है। तोता उस नये सेठ को उसकी सही स्थिति बतलाते हुए यह गाथा कहता है —

ते देसा तानि वत्थूनि अहञ्च वनगोचरो।
अनुविच्च खो तं गण्हेय्यु पिव खीरं कलण्डुक॥

इसी प्रसंग में एक राजस्थानी लोक कथा द्रष्टव्य है जिसका संक्षिप्त रूप इस प्रकार है—

एक राजा के कोई पुत्र न था, अतः वह बड़ा उदास रहता था। उसने पुत्र-प्राप्ति हेतु अनेक उपाय किये मगर वह सफल नहीं हो सका। अन्त में मंत्री की सलाह से पुत्रवान होने का एक नया उपाय सोचा गया। रानी के गर्भवती होने की खबर फैला कर उसे महल के अन्दर तहखाने में छिपा दिया गया। अब उससे कोई नहीं मिल सकता था।

धीरे-धीरे समय निकलने लगा। नौ मास पूरे होने पर दूर देश के किसी गाव से एक बालक अत्यंत विश्वस्त सेवक द्वारा मँगवा लिया गया और नगर मे राजा के पुत्र होने की घोषणा करदी गई। इस बालक का नाम 'तीतर' था और यह 'किशोर' नामक एक भंगी की सतान था, जिससे इसे खरीदा गया था।

जब राजकुमार तीन साल का हुआ तो वही नाटक फिर रचा गया और उसी भगी का 'मोर' नामक बालक मँगवा कर उसे भी राजकुमार बना दिया गया, जिसमे कि प्रजा में किसी प्रकार का सदेह न रहे और सब लोग विश्वास कर लेवें कि रानी के सतान होने लग गई है।

कालातर में दोनो राजकुमार विवाह योग्य हुए और उनका बडे ठाट से अन्य राज्य की राजकुमारियो के साथ विवाह कर दिया गया। राजकुमारो को शिकार का बडा चाव था। जब वे जगल मे जाते तो अपनी पत्नियो से अपनी नथ ऊँची करने के लिए कहते। उनको ऐसा करना पडता और राजकुमार धनुष मे बाण छोड कर उसे नथ मे से निकालते। यह स्थिति बडी भयकर थी परन्तु बेचारी स्त्रियो को सब सहना पडता। हर समय मुँह मे बाण चुभने का भय बना रहता था। यह क्रम कई दिन तक चलता रहा। अत मे उन्होंने अपने पीहर सारा हाल कह कर पत्र भेजा। पत्र के पहुँचते ही राजा का पुरोहित राजकुमारियो की दशा देखने के लिए भेजा गया। जब वह राजकुमारियो से मिलने के लिए महल में आया तो उनकी नथ मे बाण निकाला जा रहा था। यह पुरोहित उन राजकुमारो के जन्म की स्थिति का पता लगा चुका था परन्तु विवाह हो चुका था, अत कुछ भी प्रकट नहीं करता था। आज उससे नहीं रहा गया और उसने राजकुमारो को फटकारते हुए कहा—

बाड पछाड़ै पीपली, जा तळ बसै किसोरा।
जात जणावै आप की, तीतरिया अर मोरा॥

इतना सुनते ही दोनो राजकुमार ठडे पड गए क्योंकि वे स्वयं अपना इतिहास जान चुके थे। अब उन्होंने नथ मे बाण निकालना बन्द कर दिया।"

६–त्रिया चरित्र

राध जातक की कथा का सक्षिप्त रूप इस प्रकार है—

"प्राचीन काल मे बोधिसत्व ने एक बार शुक योनि मे जन्म ग्रहण किया। उस समय उनका नाम 'राध' था। उनके एक छोटा भाई 'प्रोष्टपाद' था। एक बहेलिए ने उन दोनों को बचपन में ही पकड कर एक ब्राह्मण के हाथ बेच दिया। उसने उनका अपनी सतान की तरह पालन-पोषण किया।

ब्राह्मण की स्त्री दुश्चरित्रा थी। एक बार वह किसी काम से बाहर जाने लगा तो उसने दोनों सुग्गों को अपनी स्त्री की देख-भाल करते रहने के लिए कहा। जब ब्राह्मण चला गया तो उसकी स्त्री निश्चित हो गई और उसके घर अनेक पुरुष आने लगे। सुग्गे सब कुछ देख रहे थे। प्रोष्टपाद ने अपने भाई राध से कहा कि उस अनैतिक कार्य को रोका जावे। परन्तु राध चुप रहा तो उसने ब्राह्मणी को समझाया कि वह पाप-कर्म मे प्रवृत्त न होवे। उसने सुग्गे

की बात स्वीकार करली और उसे बड़े प्रेम से अपने पास बुलाया। वह भुलावे में आ गया। जब वह पास आ गया तो ब्राह्मणी ने पकड़ कर उसका गला दबा दिया और चूल्हे में डाल दिया। राध सब कुछ देखता रहा। कुछ समय बाद ब्राह्मण लौट कर आया और उसने सुग्गे से पीछे का हाल पूछा तो उसने यह गाथा कही—

न खो पनेत सुभण गिर सच्चूपसहितं।
समेय पोट्ठपादो व मुम्मुरे उपकूळितो॥"

जातक कथा की तुलना के लिए निम्न लोक कथा द्रष्टव्य है—

"किसी नगर में एक बनिया रहता था। उसके पास एक सुग्गा और एक मैना थे, जो बड़े समझदार थे। बनिया उनको बड़ा प्यार करता था। उसकी स्त्री का चरित्र खराब था। एक बार बनिये को कार्यवश कहीं बाहर जाना था। जब वह जाने लगा तो उसने अपने सुग्गे और मैना को समझाया कि वे पीछे से घर की पूरी देखभाल करें और उनकी मालकिन पर भी नजर रखें। इसके बाद बनिया बाहर चला गया।

बनिये की स्त्री ने अब अपने आप को पूर्ण स्वतंत्र समझा और वह बहाना करके रात के समय घर से बाहर जाने लगी। उसने प्रकट किया कि उसके पीहर में लड़के का विवाह निश्चित हुआ है, अतः उसके लिए प्रति दिन रात के समय वहाँ के गीतों में शामिल होना जरूरी है। दोनों पक्षियों ने उसका अभिप्राय समझ लिया परन्तु सुग्गा चुप रहा। मैना ने उसका प्रतिवाद किया। इस पर बनिये की स्त्री क्रोधित हुई और उसने पिंजरे में से मैना को निकाल कर उसका गला दबा दिया। वह मर गई और खिड़की के बाहर फेंकदी गई। इसके बाद वह स्त्री अपनी इच्छा के अनुसार कार्य करने लगी। सुग्गा सब कुछ देख कर चुप रहा

एक दिन सुग्गे ने अपनी मालकिन से प्रार्थना की कि वह रातदिन पिंजरे में पड़ा रहता है, अतः उसके डैने जकड़ गए हैं। उसे एक बार पिंजरे से बाहर निकाल दिया जावे तो वह कुछ घूम फिर कर ठीक हो जावे। मालकिन ने उस पर दया की और उसे बाहर निकाल दिया। सुग्गा उड़ कर पास ही एक नीम पर जा बैठा। अब वह वापिस क्यों आने लगा?

कुछ दिनों बाद बनिया आया। घर में न सुग्गा था और न मैना ही थी। उसे कह दिया गया कि उनको बिल्ली ने मार डाला। बनिया अपने घर की छत पर गया तो वहाँ नीम पर सुग्गा बैठा था। बनिये ने उससे अपनी यात्रा के समय में पीछे से घर का हाल पूछा। सुग्गे बोला

रावठै रातीजगा भुवा बिना क्यू होय।
जै सूवा साची कवै, तो मैना हाळी होय॥

इस पर बनिये ने पूरा हाल पूछा तो उसे सब कुछ कह दिया गया। बनिया चुप रह गया और सुग्गा वहाँ से उड़ कर वन में चला गया।

जहाँ जातक कथा में ब्राह्मण है, वहाँ लोक कथा में बनिया है। इसी प्रकार जातक कथा में दो सुग्गे हैं और इस लोक कथा में सुग्गे के साथ मैना है। अन्य सब बातों में ये कथाएँ समान ही है।

ऊपर जातक कथाओ से मिलने वाली कुछ चुनी हुई लोक कथाएँ उदाहरण[1] के रूप में प्रस्तुत की गई हैं। नही कहा जा सकता कि जातक कथाओ की रचना के समय उनकी आधारभूत लोक कथाओ का रूप क्या रहा होगा, परन्तु यह निश्चित है कि उनमे लोक-जीवन के जो स्वाभाविक चित्र थे वे इस प्रक्रिया मे किसी न किसी अश मे परिवर्तित एवं अस्पष्ट अवश्य हुए हैं। फिर भी इसमे कोई सदेह नही कि एक लोक कथा को सँवार सजा कर जातक कथा जैसी गौरवमयी वस्तु के रूप मे प्रस्तुत करना उच्च कोटि की साहित्यिक सफलता है। जिन विद्वानो के प्रयत्न से यह लोकोपकारी कथा-साहित्य सकलित हुआ है उनकी प्रज्ञा सदैव अभिनन्दनीय रहेगी।

---

१. इस विषय मे शोध-पत्रिका, भाग ७, अक ४ मे प्रकाशित लेखक के 'राजस्थानी लोक-कथाओं की प्राचीनता' शीर्षक निबध मे कुछ और उदाहरण भी द्रष्टव्य हैं।

उद्देश्य व नियम

१- राजस्थानी साहित्य, भाषा, कला व संस्कृति का वैज्ञानिक अध्ययन प्रस्तुत करना पत्रिका का मुख्य उद्देश्य है।

२- परम्परा का प्रत्येक अंक प्राय: विशेषांक होता है, इसलिए विषयानुकूल सामग्री को ही स्थान मिल सकेगा।

३- लेखो मे व्यक्त विचारो का उत्तरदायित्व उनके लेखकों पर होगा।

४- लेखक को, सम्बन्धित अंक के साथ, अपने निबन्ध की पच्चीस अनमुद्रित प्रतियाँ भेंट की जावेगी।

५- समालोचना के लिए पुस्तक की दो प्रतियाँ आना आवश्यक है। केवल शोध संबंधी महत्त्वपूर्ण प्रकाशनों की समालोचना ही संभव हो सकेगी।

परम्परा की प्रचारात्मक सामग्री, उसके नियम तथा व्यवस्था-सम्बन्धी अन्य जानकारी के लिए पत्र-व्यवहार निम्न पते से करें—

व्यवस्थापक · **परम्परा**

राजस्थानी शोध-संस्थान, चौपासनी

जोधपुर [राजस्थान]